



# तरुण छत्तीसगढ़


सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 36 अंक 286 | कोरबा, शुक्रवार, दिनांक 18 जुलाई 2025 डाक 19 जुलाई 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**

एक कॉलेज छात्रा की मौत के विरोध में कई विपक्षी दलों द्वारा बुलाए गए बंद के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रेलवे स्टेशन पर विरोध प्रदर्शन किया



**देश-विदेश**

चंदन मिश्रा हत्याकांड में पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी पांचों शूटरों की हुई पहचान



**फीचर पेज**

ब्लैकहेड्स से छुटकारा चाहते हैं? ये 5 देसी उपाय आजमाएं




# मेरे घर पड़े ईडी छापे ताउम्र याद रहेगा : भूपेश बघेल

**रायपुर, 18 जुलाई [एजेंसी]।**

पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने ईडी छापे को लेकर कहा, जन्मदिन का जैसा तोहफ़ा मोदी और शाह जी देते हैं वैसा दुनिया के किसी लोकतंत्र में और कोई नहीं दे सकता। मेरे जन्मदिन पर दोनों परम आदरणीय नेताओं ने मेरे सलाहकार और दो ओएसडी के घरों पर ईडी भेजी थी। और अब मेरे बेटे चैतन्य के जन्मदिन पर मेरे घर पर ईडी की टीम छापामारी कर रही है। इन तोहफ़ों का धन्यवाद। ताउम्र याद रहेगा। ईडी छापे के बीच भूपेश बघेल विधानसभा रवाना हुए। भूपेश बघेल के निवास में ईडीके करीब 12 अधिकारी पहुंचे हैं। उनके साथ बड़ी संख्या में सीआरपीएफ के जवान भी मौजूद हैं। भूपेश बघेल ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि ईडी आ गई। आज विधानसभा सत्र का अंतिम दिन है। अडानी के लिए तमनार में काटे जा रहे पेड़ों का मुद्दा आज उठाना था। भिलाई निवास में साहेब ने ईडी भेज दी है। भूपेश बघेल ईडी रेड के बीच विधानसभा सत्र में शामिल होने के लिए निकल गए हैं। वहीं विधानसभा जाते वक्त भूपेश बघेल ने कहा कि पिछली बार मेरे जन्मदिन पर ईडी को भेजा गया था। इस बार मेरे बेटे के जन्मदिन पर मोदी और शाह ने अपने मालिक को खुश करने के लिए ईडी को भेजा है। भूपेश बघेल न झुकेगा और न ही डरेगा। आज विधानसभा में अडानी का मुद्दा उठेगा, इसलिए ईडी को भेजा गया है। बताया जा रहा है कि शराब घोटाले से जुड़ी मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जांच के सिलसिले में छापे मारी गई है।





भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल का आज जन्मदिन भी है। छापेमारी के बीच जिलेभर से फोर्स मंगाई गई है, जिससे हालात बिगड़ने न पाए। वहीं भूपेश बघेल ईडी रेड के बीच विधानसभा सत्र में शामिल होने के लिए निकल गए हैं। वहीं छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने सोशल मीडिया पर लिखा कि आज फिर डबल इंजन ने विपक्ष का गला घोंटने का काम किया है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ लगातार षड्यंत्र जारी है। आज उनके निवास पर ईडी भेज दी गई है।

## सुप्रीम कोर्ट ने निमिषा प्रिया मामले पर सुनवाई टाली, सरकार बोली- हरसंभव मदद कर रहे



**नई दिल्ली।** यमन में फांसी की सजा पाई भारतीय नर्स निमिषा प्रिया मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई 14 अगस्त तक टाल दी है। इस मामले पर हुई सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने कहा कि वे निमिषा प्रिया मामले में हरसंभव मदद कर रहे हैं। यमन में एक व्यक्ति की हत्या के आरोप में निमिषा को मौत की सजा सुनाई गई है। निमिषा को 16 जुलाई को मौत की सजा मिलनी थी। हालांकि सरकार के प्रयासों और केरल के एक मुस्लिम धर्मगुरु की मदद से निमिषा प्रिया की फांसी की सजा फिलहाल टाल दी गई है। सुप्रीम कोर्ट को शुक्रवार को सूचित किया गया कि यमन में हत्या के आरोप में मौत की सजा का सामना कर रही भारतीय नर्स निमिषा प्रिया की फांसी पर फिलहाल रोक लगा दी गई है।

## अमरोहा में स्कूल वैन और मैक्स पिकअप की भिड़ंत हादसे में पांच साल की छात्रा की मौत, नौ छात्र घायल



**अमरोहा।** हसनपुर गजरौला मार्ग पर मनौटा पुल के नजदीक आईपीएस इंटरनेशनल स्कूल सहसौली की छात्र-छात्राओं से भरी मारुति वैन विपरीत दिशा से आ रही मैक्स से टकरा गई। हादसे के बाद बच्चों में चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। वहीं राहगीर भी रुक गए। पुलिस ने लोगों की मदद से घायल बच्चों को वैन से निकाल कर हसनपुर अस्पताल पहुंचाया। उधर बच्चों के अभिभावक भी रोते बिलखते हुए पहले घटनास्थल और फिर अस्पताल पहुंच गए।

## गोल्डन टेंपल को बम से उड़ाने की धमकी देने वाला गिरफ्तार, आरोपी ने पांच बार किया था थ्रेट मेल

**अमृतसर 18 जुलाई।** अमृतसर में सिखों के पवित्र स्थान श्री हरमंदिर साहिब को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले आरोपी की गिरफ्तारी हो चुकी है। पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत सिंह भुल्लर कुछ देर में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सकते हैं। यह गिरफ्तारी तमिलनाडु से की गई है सोमवार से लगातार ईमेल के जरिए जारी पांच बार श्री हरमंदिर साहिब को आरडीएक्स से उड़ने की धमकियां मिल चुकी हैं। इसके बल पुलिस और अर्ध सैनिक बल व टास्क फोर्स द्वारा लगातार श्री हरमंदिर साहिब वह उसके आसपास के क्षेत्र में चेकिंग की जा रही है ।

## ईडी की रडार पर आम आदमी पार्टी के नेता, मनी लॉन्ड्रिंग के तीन नए केस दर्ज

**नईदिल्ली, 18 जुलाई [एजेंसी]।**

आम आदमी पार्टी के नेता एक बार फिर ईडी की रडार पर आ गए हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली सरकार के कार्यकाल के दौरान सामने आए तीन बड़े कथित घोटालों में मनी लॉन्ड्रिंग के केस दर्ज कर लिए हैं। ये मामले अस्पताल निर्माण, सीसीटीवी परियोजना और शेल्टर होम से संबंधित हैं। ईडी ने इन मामलों में इन्फोर्समेंट केस इनफॉर्मेशन रिपोर्ट दर्ज की है और जल्द ही आम आदमी पार्टी के शीर्ष नेताओं को पूछताछ के लिए समन भेजे जा सकते हैं। पहला मामला 5,590 करोड़ रुपए के अस्पताल निर्माण घोटाले से जुड़ा हुआ है। इस घोटाले में पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज और सत्येंद्र जैन की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं। साल 2018-19 में दिल्ली सरकार द्वारा 24 अस्पताल परियोजनाएं मंजूर की गई थीं। इन आईसीयू अस्पतालों को छह महीने में तैयार करना था, लेकिन तीन साल बाद भी निर्माण कार्य अधूरा है। अब तक करीब 800 करोड़ रुपए खर्च हो चुके हैं, लेकिन सिर्फ 50 प्रतिशत काम ही पूरा हुआ है। इसके अलावा, एलएनजेपी अस्पताल की लागत 488 करोड़ से बढ़कर 1,135 करोड़ रुपए तक पहुंच गई है। दूसरा मामला 571 करोड़ रुपए के सीसीटीवी घोटाले से जुड़ा है। 2019 में दिल्ली के 70 विधानसभा क्षेत्रों में 1.4 लाख सीसीटीवी कैमरे लगाने की योजना बनाई गई थी। यह ठेका भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (भेल) को दिया गया, लेकिन परियोजना समय पर पूरी नहीं हुई।

### सीएम योगी का तंज: कांवड़ियों को उपद्रवी कहना गलत आतंकवादी बोलकर श्रद्धालुओं को किया जाता है अपमानित

**वाराणसी 18 जुलाई।** वाराणसी में सीएम योगी ने कहा कि सावन के पावन अवसर पर कांवड़ यात्री भक्ति भावना से चलते हैं। लेकिन यहां दूसरे समुदाय के लोगों द्वारा कांवड़ियों को आतंकवादी बोला जाता है। कांवड़ियों को अपमानित किया जाता है। ऐसा करके विरासत को अपमानित किया जाता है। साथ ही सनातन धर्म की आस्था को अपमानित किया जा रहा है। कांवड़ियों को उपद्रवी कहना गलत है। बिरसा मुंडा की विरासत आदिवासी सशक्तीकरण और राष्ट्रीय आंदोलन के लिए उत्प्रेरक विषय पर केंद्रित एक राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन वसंत महिला महाविद्यालय में आयोजित किया गया। संगोष्ठी का उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया।

## मुझे मौका नहीं मिला..., जस्टिस वर्मा ने इनहाउस जांच रिपोर्ट को सुप्रीम कोर्ट में दी चुनौती

### महाभियोग से पहलें लगाई अर्जी



**नई दिल्ली 18 जुलाई।** इलाहाबाद हाई कोर्ट के जज यशवंत वर्मा ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने उस जांच रिपोर्ट को रद करने की मांग की है जिसमें उन्हें आधी जली नकदी मामले में दोषी पाया गया था। जस्टिस वर्मा ने कहा है कि उनके खिलाफ जो कार्रवाई की गई, वह न्याय के सिद्धांतों के खिलाफ है और उन्हें खुद को सही साबित करने का पूरा मौका नहीं दिया गया। जस्टिस यशवंत वर्मा ने सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दाखिल कर इनहाउस जांच समिति की रिपोर्ट को रद करने की मांग की है। यह रिपोर्ट 8 मई को तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना द्वारा तैयार की गई थी, जिसमें संसद से उनके खिलाफ महाभियोग चलाने की सिफारिश की गई थी। अपनी याचिका में जस्टिस वर्मा ने कहा कि जांच प्रक्रिया में उनसे ही यह साबित करने को कहा गया कि वे निर्दोष हैं, जो कानून के खिलाफ है। उन्होंने आरोप लगाया कि जांच समिति पहले से तय राय के साथ चली और तेजी से निष्कर्ण तक पहुंचने की कोशिश की गई।

### मुंबई के बांद्रा में दर्दनाक हादसा

## सिलेंडर ब्लास्ट से तीन मंजिला चॉल जमींदोज, मलबे में फंसे 10 लोग



**नईदिल्ली, 18 जुलाई [एजेंसी]।**

मुंबई के बांद्रा इलाके में शुक्रवार की सुबह एक दर्दनाक हादसा हुआ। भारत नगर की एक तीन मंजिला चॉल अचानक जमींदोज हो गई। यह हादसा सुबह करीब 5.56 बजे हुआ, जिसमें कम से कम 10 लोगों के मलबे में फंसे होने की आशंका है। हादसे की खबर मिलते ही मौके पर राहत और बचाव का काम शुरू हो गया। अब तक सात लोगों को मलबे से सुरक्षित निकाल लिया गया है और उन्हें इलाज के लिए भाभा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुंबई पुलिस, अग्निशमन दल और बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) की टीमें मौके पर मौजूद हैं और पूरी ताकत से बचाव कार्य में जुटी हैं। मुंबई पुलिस ने कहा, यह घटना आज सुबह 7.50 बजे हुई। शुरुआती जांच के अनुसार, इमारत में एक सिलेंडर ब्लास्ट हुआ, जिसके बाद इमारत के कुछ हिस्से अचानक ढह गए। दमकल विभाग, मुंबई पुलिस और बीएमसी मौके पर राहत और बचाव कार्य कर रहे हैं। मलबे से निकाले गए 12 लोगों को नज़दीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहाँ उनका इलाज चल रहा है। हादसे की जगह पर आठ दमकल गाड़ियां तैनात की गई हैं। अग्निशमन दल के एक अधिकारी ने बताया कि बचाव कार्य जोर-शोर से चल रहा है। मलबे में फंसे लोगों को निकालने के लिए टीमें दिन-रात मेहनत कर रही हैं। अभी तक हादसे की वजह का पता नहीं चल सका है, लेकिन प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, चॉल नंबर 37 पूरी तरह से ढह गई। स्थानीय लोगों में इस हादसे से दहशत का माहौल है। आसपास के इलाकों में रहने वाले लोग अपने घरों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। बीएमसी की स्थानीय वार्ड मशीनरी भी मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा ले रही है।

## रांची में बारिश से ढही स्कूल की छत, एक व्यक्ति की मौत, रेस्क्यू अभियान जारी

**रांची 18 जुलाई।** झारखंड में लगातार हो रही बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त है। रांची में लगातार हो रही बारिश के बीच एक सरकारी स्कूल की इमारत की छत का एक हिस्सा गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक अन्य के फंसे होने की आशंका है। पुलिस ने यह जानकारी शुक्रवार को दी। एक अधिकारी ने बताया कि राज्य की राजधानी के पिस्का मोड़ इलाके में स्थित स्कूल के मलबे में फंसे एक व्यक्ति को बचाने के लिए रेस्क्यू अभियान जारी है। सुधदेव नगर पुलिस थाना प्रभारी मनोज कुमार ने एजेंसी को बताया कि एक सरकारी स्कूल की इमारत की छत का एक हिस्सा गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि हमें यह जानकारी मिली कि एक और व्यक्ति अंदर फंसा हुआ है, इसलिए हमने बचाव अभियान के लिए अपनी टीम भेजी है। मनोज कुमार ने बताया कि मृतक एक बुजुर्ग व्यक्ति है। जब छत का हिस्सा गिरो तो वह स्कूल के बरामदे में सो रहा था। उन्होंने बताया कि पुलिस घटना की जांच कर रही है और आगे की जानकारी का इंतजार है।

## दिल्ली के 20 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी एक हफ्ते में तीसरी बार आए धमकी भरे ई-मेल

**नईदिल्ली, 18 जुलाई [एजेंसी]।**



राजधानी दिल्ली में स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने का सिलसिला थम नहीं रहा है। आज यानी (शुक्रवार) को फिर से करीब 20 स्कूलों को धमकी भरे ई-मेल आए हैं।बताया गया कि पश्चिम विहार इलाके में स्थित रिचमंड ग्लोबल स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। वहीं, रोहिणी सेक्टर-3 स्थित अभिनव पब्लिक स्कूल को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली है। बम की धमकी से सभी स्कूलों में दहशत का माहौल है। बताया जा रहा है कि अज्ञात व्यक्ति ने ई-मेल के माध्यम से स्कूलों में बम होने के बारे जानकारी दी।

इसके बाद पुलिस और दमकल विभाग की एक-एक गाड़ी मौके पर पहुंची। दमकल विभाग की ओर से बताया गया कि रोहिणी सेक्टर-3 स्थित अभिनव पब्लिक स्कूल में बम की सूचना शुक्रवार सुबह आठ बजे और रोहिणी सेक्टर-24 के सावरन स्कूल के बारे में सूचना 8.16 बजे प्राप्त हुई। अभी सभी स्कूलों में जांच जारी है।

### जुमलों की इतनी बारिश करेंगे कि इंद्र देवता...

## पीएम मोदी के बिहार दौरे पर तेजस्वी ने कसा तंज, सियासी हलचल तेज




**पटना, 18 जुलाई [एजेंसी]।**

बिहार में इसी साल के अंत तक विधानसभा चुनाव होने हैं। पीएम नरेंद्र मोदी आज फिर से बिहार आ रहे हैं। पीएम मोदी मोतिहारी में आज बिहार की जनता को करोड़ों की सौगात देंगे। पीएम मोदी के इस दौरे को लेकर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने तीखा सियासी तंज कसा है। 11 बिंदुओं में पीएम पर हमला बोलते हुए तेजस्वी ने चीनी मिल, अपराध, जंगलराज और जुमलों जैसे मुद्दों पर कटाक्ष किया है। तेजस्वी ने एक्स पर पोस्ट कर पीएम पर तंज कसा है।

**तेजस्वी यादव ने पोस्ट किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज बिहार आकर निम्न काम करेंगे ....**

सर्वप्रथम प्रधानमंत्री जी आज सावन में मटन पार्टी करने वाले नेताओं को मोतिहारी में मंच पर सम्मानित कर अपने आप को गौरवान्वित महसूस करेंगे तथा अपने प्रवचनों के दोहरेपन का सावर्जनिक परिचय देंगे। 132 महीने पहले मोतिहारी में चीनी मिल खुलवा कर उसकी चीनी से बनी चाय पीने का वादा, प्रधानमंत्री बनने के साढ़े 11 साल बाद भी पूरा नहीं करने पर प्रायश्चित करेंगे तथा इसका दोषी सम्राट अशोक या चंद्रगुप्त मौर्य को ठहरायेंगे। बिहार में अनियंत्रित अपराध का दोषी आज से पांच दशक पहले की सरकारों को ठहरायेंगे। किसानों को अपराधी बताने वाली बिहार पुलिस को सम्मानित करेंगे। जुमलों की इतनी मूसलाधार बारिश करेंगे कि इंद्र देवता भी शरमा जायेंगे।

अन्य राज्यों के चुनावों की तरह जुबान से बिहार को नम्बर-1 बनाएंगे। नवंबर तक वो ज्वलंत मुद्दों की बजाय काल्पनिक डरावनी बातें करेंगे। यह घोषणा नहीं करेंगे कि चुनाव बाद भी श्री नीतीश कुमार जी एनडीए के मुख्यमंत्री होंगे। दो दिन से जिले के सब स्कूल बंद करवा कर एंटायर पॉलिटिकल साइंस की पढ़ाई करायेंगे। बिहार जैसे गरीब राज्य का 100 करोड़ । अपनी रैली पर खर्च कर चंद घंटों में ही वापस दिल्ली उड़ जाएँगे। टेलीप्रॉम्प्टर देख अभिनय के साथ वही घिसी-पिट्टी घोषणाएं पढ़ेंगे। जंगलराज, विपक्ष, लालू प्रसाद, आरजेडी, मुसलमान इत्यादि शब्दों का अत्यधिक इस्तेमाल करेंगे। तेजस्वी के इस पोस्ट से बिहार की सियासी माहौल एक बार फिर गरम होने की संभावना है।


**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**

**चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार**

डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )

डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


## पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया 50 हजार का इनामी, दुष्कर्म के बाद कर दी थी बच्ची की हत्या




**फर्रूखाबाद, 18 जुलाई [एजेंसी]।**

दुष्कर्म के बाद बालिका की हत्या किए जाने के मामले में 50 हजार का इनामी अधेड़ पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। पुलिस उसकी कई दिनों से तलाश में थी। कायमगंज कोतवाली क्षेत्र की बालिका रिश्तेदारी में मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र में गई थी। वहां से बालिका को 27 जून की सुबह अगवा कर लिया गया था। उसकी दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गई थी। 28 जून की सुबह बालिका का शव जनपद मैनपुरी के भोगांव कोतवाली क्षेत्र के गांव देवीपुर के पास मिला था। इस घटना में गांव पखना निवासी 55 वर्षीय अधेड़ मनू को आरोपित बनाया गया है। पुलिस अधीक्षक आरती सिंह द्वारा मनू पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। उसके बाद पुलिस उप महानिरीक्षक हरीश चंदर द्वारा आरोपित पर घोषित 25 हजार रुपये इनाम को दो गुना कर दिया गया है।

देर रात पुलिस ने आरोपित अधेड़ की घेराबंदी की तो आरोपित ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में अधेड़ को गोली लग गई और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे लोहिया अस्पताल लाया गया। यहां पर आरोपित को मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस अधीक्षक आरती सिंह और अपर पुलिस अधीक्षक डा. संजय कुमार ने घटना स्थल का जायजा लिया। उसके बाद वह लोहिया अस्पताल पहुंचे। एसपी ने बताया कि 50 हजार का इनामी पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। वह दुष्कर्म व हत्या में वांछित चल रहा था। उस पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित था। अधेड़ बालिकाओं को अपना हवस का शिकार बनाता था।

## Land For Jobs scam में लालू यादव को झटका लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में दे दी राहत



**नई दिल्ली 18 जुलाई।** सुप्रीम कोर्ट ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख लालू प्रसाद यादव को झटका दिया है। कोर्ट ने सीबीआई के जमीन के बदले नौकरी मामले में ट्रायल कोर्ट की सुनवाई पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट की दो जजों की बेंच जिसमें जस्टिस एमएम सुंद्रेश और जस्टिस एन कोटेश्वर सिंह शामिल हैं, उन्होंने दिल्ली हाई कोर्ट से कहा कि वह इस मामले की सुनवाई जल्दी करे। यह मामला उस एफआईआर से जुड़ा है जो सीबीआई ने लालू यादव के खिलाफ दर्ज की है। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने लालू यादव को ट्रायल कोर्ट में पेश होने से छूट जरूर दे दी है। इसका मतलब है कि फिलहाल उन्हें कोर्ट में व्यक्तिगत रूप से हाजिर होने की जरूरत नहीं होगी। यह मामला 2004 से 2009 के बीच का है, जब ललू यादव रेल मंत्री थे। आरोप है कि उस दौरान मध्यप्रदेश के जबलपुर स्थित पश्चिम रेलवे जोन में ग्रुप डी की भर्तियां की गई थी। सीबीआई का आरोप है कि जिन लोगों को नौकरी दी गई, उन्होंने इसके बदले अपनी जमीन लालू यादव के परिवार या उनसे जुड़े लोगों के नाम कर दी। इन जमीनों की कीमत भी बाजार मूल्य से काफी कम बताई गई। इस मामले में लालू यादव ने दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका दायर की है।

# दो घंटे पहले परीक्षा केन्द्र में पहुंचना होगा परीक्षार्थियों को,व्यापमं ने बदली व्यवस्था

## इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस से नकल का मामला सामने आने के बाद की जा रही सख्ती

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर (व्यापम) द्वारा आगामी परीक्षाओं के लिए परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश और परीक्षा के दौरान अपनाए जाने वाले दिशा-निर्देशों के संबंध में जरूरी जानकारी जारी की गई है। परीक्षा में पारदर्शिता और सुचारु संचालन सुनिश्चित करने के लिए परीक्षा केंद्रों पर सख्त नियम लागू किए गए हैं, जिनका उल्लंघन करने पर अभ्यर्थी की परीक्षा निरस्त की जा सकती है। कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर (व्यापम) द्वारा जिले में अयोजित परीक्षाओं में सभी दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है।

परीक्षार्थियों को छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर (व्यापम) द्वारा आयोजित परीक्षा में परीक्षा शुरू होने के कम से कम दो घंटे पहले परीक्षा केन्द्र में पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि फ्रिस्किंग और पहचान पत्र का सत्यापन समय रहते पूरा किया जा सके। परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार परीक्षा शुरू होने के 15 मिनट पहले बंद कर दिया जाएगा, अतः समय का विशेष ध्यान रखना जरूरी है।परीक्षा में शामिल होने के लिए परीक्षार्थियों को हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनने और फुटवियर के रूप में चप्पल पहनने की सलाह दी गई है। कान में किसी प्रकार का आभूषण, और बेल्ट, टोपी, पर्स, स्कार्फ, पाउच जैसी सामग्री पूरी तरह वर्जित हैं। संचार उपकरण, मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, कैलकुलेटर आदि परीक्षा कक्ष में बिल्कुल भी नहीं लाए जा सकेंगे।

प्रवेश पत्र के सभी पृष्ठों का प्रिंट आउट (सिर्फ एक तरफ प्रिंट किया हुआ) लाना अनिवार्य होगा, क्योंकि हर परीक्षा की प्रति परीक्षा केंद्र में जमा होगी। प्रवेश पत्र के साथ मूल फोटो युक्त पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, पेन कार्ड या ड्राइविंग लाइसेंस में से कोई एक अनिवार्य रूप से साथ लाना होगा। बिना पहचान पत्र के परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। यदि इंटरनेट से प्राप्त प्रवेश पत्र में फोटो नहीं दिख रहा है तो दो रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो भी साथ लाना होगा।

परीक्षा कक्ष में केवल काले या नीले बाल पॉइंट पेन से उत्तर अंकित करने की अनुमति होगी। परीक्षा प्रारंभ और समाप्ति के आधा-आधा घंटे के भीतर परीक्षा कक्ष से बाहर जाना प्रतिबंधित रहेगा।व्यापम ने स्पष्ट किया है कि प्रवेश पत्र को सुरक्षित रखना जरूरी है, क्योंकि चयन या प्रवेश के समय उसकी आवश्यकता होती है, और परीक्षा मण्डल द्वारा पुनः प्रवेश पत्र जारी नहीं किया जाएगा।निर्देशों का पालन नहीं करने या अनुचित साधनों के उपयोग पर अभ्यर्थिता समाप्त कर दी जाएगी और आवश्यकतानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।अभ्यर्थियों से अनुरोध किया गया है कि वे परीक्षा से पूर्व इन दिशा-निर्देशों का भली-भांति अध्ययन कर लें और निर्धारित समय पर सभी आवश्यक दस्तावेजों व समुचित पहनावे के साथ परीक्षा केंद्र पहुंचें।

# सूरज बाई के लिए महतारी वंदन योजना की राशि बनी वरदान



**कोरबा ।** विकासखण्ड कटघोरा अंतर्गत ग्राम धनरास की वृद्धा सूरज को पहले अपनी छोटी-छोटी जरूरतों की पूर्ति के लिए कुछ लोगों से पैसे मांगने की आवश्यकता पड़ती थी। कई बार उन्हें जरूरी काम के लिए किसी से उधार भी लेना पड़ता था। अब जबकि महतारी वंदन योजना से हर महीने खाते में 01 हजार रूपए समय पर मिल जाते हैं तो सूरजबाई को किसी के आगे रूपए के लिए दर-दर की ठोकरे खाने या किसी से फरियाद जैसी नौबत नहीं आती है। सूरज बाई ने बताया कि उम्र के साथ ही उन्हें कुछ भी काम करने में परेशानी है वह किसी तरह छोटे-मोटे घरेलू काम कर लेती है। उन्होंने बताया कि वह हर माह महतारी वंदन योजना से प्राप्त राशि का आहरण करती है। इस राशि का उपयोग अपने उपचार और बीमारी के दौरान दवा, फल और सब्जी खरीदने सहित अन्य कार्यों में करती है। सूरज बाई ने बताया कि उनके बेटे भी है जो शहर में रहकर कार्य करते हैं। उन्होंने बताया कि महतारी वंदन योजना को छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा लागू किए जाने के बाद हम जैसी वृद्ध महिलाओं के लिए यह वरदान साबित हो रही है। हर महीने खाते में 01 हजार की राशि प्राप्त हो जाती है, इससे छोटी-मोटी जरूरतें हम पूरी कर लेते हैं। उन्होंने महतारी वंदन योजना लागू किए जाने से ग्रामीण क्षेत्र की गरीब और जरूरतमंद महिलाओं को बहुत लाभ पहुंचने की बात कही और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय सरकार के प्रति आभार भी प्रकट किया।

# नेत्रदान एक महान दान है : अमर सुल्तानिया









**कोरबा।** अखिल भारतीय मारवाडी युवा मंच के बैनर तले एक ही परिवार के 30 लोगों ने नेत्रदान का संकल्प लिया ।आखिल भारतीय मारवाडी युवा मंच कोरबा के द्वारा सेठ गुरूमुख राय सेवा सकल्प (गोयल परिवार) द्वारा एक कार्यक्रम का अयोजन होटल गणेश इन में अयोजित किया गया जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जांजगीर से पधारे आखिल भारतीय मारवाडी युवा मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर सुल्तानिया जी ने अपने उदबोधन में कहा कि नेत्रदान एक महान दान है जिससे मरणोपरांत नेत्रदान कर अपने जीवन के बाद, अन्य जो देख नहीं सकते उनके जीवन में इस रंगीन दुनिया को देखने का एक रंगीला अवसर हम दे सकते है, आज गोयल परिवार ने समाज सेवा में एक महत्वपूर्ण योगदान देते हुए अपने दादा स्व. गुरुमुख राय जी की पुण्यतिथि के दिन एक ही परिवार से 30 लोगों ने नेत्रदान का महान संकल्प लिया जिसमें पुरुष और महिलाएं दोनों शामिल हैं, नेत्रदान से हम दुसरे के जीवन में रोशनी भरते है हमारे बाद भी हमारी आंखे किसी और के जीवन में एक नया सवेरा लेकर आती है । बसना से आई राष्ट्रीय स्वस्थ भारत फोरम की वाइस चेयरमैन श्रीमती रीना अग्रवाल ने अपने उदबोधन में कहा कि नेत्रदान से दुसरे के जीवन में उजियारा लाया जा सकता है बहुत लोग अंधविश्वास के चलते नेत्रदान या अंगदान नहीं करते है लेकिन हमें देश के कल्याण के लिए दान करना चाहिए।वहीं चांपा से आई प्रांतीय निदेशक श्रीमती रश्मि अग्रवाल ने भी गोयल परिवार को इस महान और नेक कार्य के लिए बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दिया और समाज से अपील किया कि और भी लोग इस नेक कार्य में आगे आकर सहयोग करें । गोयल परिवार के द्वारा 30 सदस्यों ने नेत्रदान का फार्म भर कर अपना संकल्प दोहराया और इसके लिए अन्य लोगों को भी इस महान दान में आगे आने का आह्वान किया ।उक्त कार्यक्रम में गोयल परिवार के साथ मारवाडी युवा मंच कोरबा शाखा के पदाधिकारीगण के साथ राष्ट्रीय संयोजक नीरज अग्रवाल जी भी उपस्थित

# कलेक्टर ने किया बाल सुधार गृह और प्रधानमंत्री आवास दादर खुर्द का



**कोरबा।** कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने आज बाल सुधार गृह कोहड़िया और प्रधानमंत्री आवास योजना अन्तर्गत दादर खुर्द में बने मकान का निरीक्षण किया। उन्होंने निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय को निर्देशित किया कि बाल सुधार गृह के एक ब्लाक को 15 दिवस के भीतर एवं शेष तीन ब्लाक को एक माह के भीतर पूर्ण कर महिला एवं बाल विकास विभाग को हैंड ओव्हर करें। कलेक्टर ने बाल सुधार गृह में भवन तक पूर्व में पहुंच मार्ग नहीं होने की बात सामने आने के पश्चात पहुंच मार्ग बनाने के निर्देश दिये थे। निरीक्षण के दौरान उन्होने निगम आयुक्त से सड़क से भवन तक बनाये गये पहुंच मार्ग की भी जानकारी ली।

कलेक्टर ने ग्राम दादर खुर्द में प्रधानमंत्री आवास योजना अन्तर्गत निर्मित मकानों का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देशित किया कि योजना के तहत आवास आवंटियों को बरसात के पश्चात शिफ्टिंग किया जाना सुनिश्चित किया जाये। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि जो आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति हैं और पैसा जमा नहीं कर सकते हैं, उनकी सूची बना ली जाये। ताकि ऐसे जरूरतमंद आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों पर आवास आबंटन के संबंध में विचार किया जा सके। इस दौरान निगम के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# जिले के सहकारी समिति में उपलब्ध है नैनो डीएपी



**कोरबा।** राज्य सरकार किसानों की समृद्धि को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के कुशल नेतृत्व और दृढ़ संकल्प के चलते प्रदेश में खरीफ सीजन 2025 के लिए समय पर आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। परंपरागत डीएपी उर्वरक के अलावा फसल उत्पादन में सहायक नैनो डीएपी को किसानों के लिए एक भरोसेमंद विकल्प के रूप में प्रस्तुत किया गया है। जिले के सभी सहकारी समितियों में नैनो डीएपी की उपलब्धता है।

कलेक्टर श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन में नैनो डीएपी का भंडारण एवं वितरण अभियान योजनाबद्ध और प्रभावशाली ढंग से संचालित किया गया। जिले में अब तक 500 मिली लीटर की 8514 बोतल नैनो डीएपी का और 14233 नैनो यूरिया की उपलब्धता में से कुल 18087 बोतलें सफलतापूर्वक वितरित की जा चुकी हैं। वर्तमान में शेष 4660 बोतलें सहकारी समितियों में किसानों की सुविधा के लिए उपलब्ध रखी गई हैं।नैनो डीएपी केवल विकल्प नहीं, बल्कि विज्ञान और नवाचार पर आधारित समाधान है। एक 500 मि.ली. की नैनो डीएपी बोतल में 45 किलो परंपरागत डीएपी के बराबर पोषक तत्व होते हैं। इसका प्रयोग मिट्टी को नुकसान पहुंचाए बिना फसल को पूर्ण पोषण प्रदान करता है, जिससे किसानों को न केवल अच्छी उपज मिल रही है, बल्कि उनकी लागत में भी कमी आई है।सरकार और जिला प्रशासन द्वारा इस योजना को सफल बनाने के लिए निरंतर जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। पोस्टर, बैनर, गांवों में बैठकें और ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों के माध्यम से किसानों को नैनो डीएपी के प्रयोग, लाभ और सावधानियों की जानकारी दी जा रही है। सभी प्राथमिक सहकारी समितियों को यह निर्देश दिया गया है कि वे किसानों को बिना किसी रुकावट के उर्वरक उपलब्ध कराएं और स्टॉक की नियमित जानकारी अद्यतन करें।पिछले वर्ष की तुलना में इस बार किसानों में नैनो डीएपी को लेकर कहीं अधिक भरोसा देखने को मिल रहा है। इसका मुख्य कारण प्रशासन की तैयारी, समय पर भंडारण, और निरंतर जागरूकता अभियान है। यह सुनिश्चित किया गया है कि किसानों को एक भी दिन के लिए उर्वरक की कमी का सामना न करना पड़े।वैज्ञानिक दृष्टिकोण से बेहतर और पर्यावरण-अनुकूल नैनो डीएपी का अधिक से अधिक उपयोग कृषि में किया जा रहा है। इससे उत्पादन में बढ़ोतरी होगी और खेती को लाभ का व्यवसाय बनाया जा सकेगा।

## जिले में छ0ग0व्यवसायिक मंडल द्वारा आयोजित होने वाले परीक्षाओं के लिए उप पुलिस अधीक्षक होंगे जिला पुलिस नोडल अधिकारी

**कोरबा ।** छत्तीसगढ़ व्यवसायिक मंडल रायपुर द्वारा जारी आदेश के परिपालन में कलेक्टर श्री अजीत वसंत द्वारा जिले में छ0ग0 व्यवसायिक मंडल द्वारा जिले में आयोजित होने वाले आगामी परीक्षाओं के सुचारू संचालन हेतु उप पुलिस अधीक्षक श्री बेनेडिक्ट मिंज मोबाइल नंबर 8839253729 को आगामी आदेश पर्यन्त जिला पुलिस नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# जिले में एसीबी की छापामारी, ट्रांसफर कराने के बदले 2 लाख रुपए रिश्वत लेते हुए शिक्षक धरा गया

**कोरबा।** एसीबी /आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो द्वारा लगातार छेड़े जा रहे व्यापक अभियान के तारतम्य में आज दिनांक 17.7.25 को एसीबी इकाई बिलासपुर को कोरबा जिले के शिक्षा विभाग के शिक्षक को 2 लाख रुपए रिश्वत लेते हुए पकड़ने में सफलता हासिल हुई ।घटना का विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 9.7.25 को प्राथमिक साला केसला जिला कोरबा के प्रधान पाठक रामायण पटेल द्वारा एसीबी इकाई बिलासपुर में इस आशय की शिकायत की गई थी कि उसकी पत्नी उसी के स्कूल में शिक्षक के पद पर पदस्थ है। आरोपी विनोद कुमार सांडे जो कि माध्यमिक साला बेला जिला कोरबा में शिक्षक के पद पर पदस्थ है उसके द्वारा उसकी ( प्रार्थी की) पत्नी का ट्रांसफर अन्य दूर के स्कूल में होने की संभावना को बताकर अपना परिचय डीईओ और बीईओ से होना बताकर उसकी पत्नी का ट्रांसफर दूर के स्कूल में होने से बचने और नजदीक के स्कूल ओमपुर में करा देने के एवज में 2 लाख रुपए की मांग की जा रही है किंतु वह अपनी पत्नी का ट्रांसफर ओमपुर करने के एवज में वह आरोपी को 2 लाख रुपए रिश्वत ले रूप में नहीं देना चाहता बल्कि उसे रिश्वत लेते हुए पकड़वाना चाहता है ।शिकायत का सत्यापन कराए जाने पर शिकायत सही पाई गई जिस पर ट्रैप की योजना बनाकर आरोपी विनोद को प्रार्थी से 2 लाख रुपए प्रार्थी के कोरबा स्थित निवास में लेने के दौरान आज दिनांक 17.7.25 को पकड़ा गया ।पकड़े गए आरोपी से रिश्वत की रकम जप्त कर एसीबी के द्वारा उसके विरुद्ध धारा 7 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 के तहत कार्यवाही की जा रही है तथा कार्यवाही उपरांत आरोपी को न्यायालय में पेश करने की कार्यवाही की जायेगी।। गौरतलब है कि एसीबी के द्वारा भ्रष्ट अधिकारियों /कर्मचारियों की लगातार कार्यवाही की जा रही है ।एसीबी सूत्रों ने स्पष्ट संकेत दिया है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ यह कार्यवाही अनवरत जारी रहेगी।।

## ग्राम पंचायत बांधाखार से कांवड़ यात्रा का शुभारंभ, जनपद सदस्य मनोज कंवर ने दी मंगलकामनाएं

**बांधाखार, नूनेरा।** ग्राम पंचायत बांधाखार से बोल बम कांवड़ यात्रा संघ की शिवभक्तों की टोली बोल बम रवाना हुआ। क्षेत्रीय जनपद सदस्य श्री मनोज कुमार कंवर ने यात्रियों को भगवा गमछा, नारियल, सेव, केला आदि भेंट कर सप्रेम विदाई दी। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को सफल एवं मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में श्री कृष्ण देवांगन ने भी श्रद्धा के प्रतीक स्वरूप कांवड़ यात्रियों को नारियल एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर यात्रा की सफलता की कामना की ।बोल बम! बोल बम! के जयकारों के साथ श्रद्धालु भक्तजन रवाना हुए। इस धार्मिक यात्रा में मनीष मिश्रा, कुमार श्रीवास, संतोष कुमार बघेल, राधे मोहन तिवारी, गुरुजी शंकर चौहान, राजेश कुमार श्रीवास, अंजोर सिंह सहित कई शिवभक्त सम्मिलित हुए। कांवड़ यात्रा के माध्यम से श्रद्धालु जन शिवधाम पहुंचकर गंगाजल से भगवान शिव का अभिषेक करेंगे।



## शिव महापुराण कथा :लोगों की सुविधा के लिए डा. नागेन्द्र ने की व्यवस्था

**कोरबा।** पतंजलि चिकित्सालय श्री शिव औषधालय निहारीका महानदी काम्प्लेक्स प्रांगण में हो रहा अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा जी की शिव महापुराण कथा का सीधा प्रसारण। शिव भक्तों की उमड़ रही भीड़ यहां बैठकर कथा श्रवण करना साक्षात पंडित प्रदीप मिश्रा के सामने बैठकर कथा श्रवण करने जैसा- श्रद्धालुगण विश्वास दृढ़ हो तो असम्भव भी सम्भव हो जाता है- पंडित प्रदीप मिश्रा जी। षष्ठम दिवस की कथा में पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा की विश्वास दृढ़ हो तो असम्भव भी सम्भव हो जाता है। जिस तरह माता पार्वती के उबटन से निर्मित पुतले में प्राण आ गये और उनका सर कटने पर माता पार्वती के दृढ़ विश्वास के कारण ही उन्हें दूसरा धड़ लगाकर महादेव जी ने पुनर्जीवित कीया।

पतंजलि चिकित्सालय श्री शिव औषधालय निहारीका महानदी काम्प्लेक्स प्रांगण प्रतिदिन मध्यान्ह 1 बजे से सायं 4 बजे तक हो रहा अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा की शिव महापुराण कथा का सीधा प्रसारण। जिसे भोग भंडारे के साथ 18 जुलाई 2025 शुक्रवार को विराम दिया जायेगा।

## आईटीआई करतला में प्रवेश हेतु आनलाइन आवेदन 23 जुलाई तक

**कोरबा ।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था करतला जिला कोरबा में संचालित एकवर्षीय पाठ्यक्रम व्यवसाय-कोपा, मेकेनिक डीजल और वेल्डर तथा द्विवर्षीय पाठ्यक्रम व्यवसाय विद्युतकार एवं फिटर में रिक्त स्थानों में प्रवेश के लिए 23 जुलाई 2025 तक आवेदन किया जा सकता है। प्रवेश हेतु इच्छुक आवेदक संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण द्वारा जारी विभागीय वेबसाइट- पर जाकर आनॅलाईन आवेदन कर सकते है। संस्था के अधीक्षक से प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्व के आवेदक जो अगली चरण में शामिल होना चाहते हैं उन्हें अपने लागिन आईडी एवं पासवर्ड से लागिन कर अपनी प्रोफाइल संस्था/व्यवसाय के प्राथमिकता क्रम का चयन पुनः किया जाना अनिवार्य होगा। अन्यथा उन्हें अगले चरण में शामिल नहीं किया जायेगा।

## नीमबाड़ा विकसित होगा एक एकड़ में



**कोरबा।** गुरुवार को जिला चेम्बर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज कोरबा एवं नगर पालिक निगम कोरबा के संयुक्त तत्वावधान में गौमाता चौक सीतामणी कोरबा के बाजु में स्थित एक एकड़ बाउंड्री वॉल की हुई जगह में 150 नीम के पेड़ लगाकर वृहद वृक्षारोपण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में महापौर संजू देवी राजपूत , आयुक्त आशुतोष पाण्डेय , सभापति नूतन सिंह ठाकुर , भारतीय रेडक्रास सोसायटी के चेयरमैन रामसिंह अग्रवाल, जिला चेम्बर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज कोरबा के अध्यक्ष योगेश जैन, नरेंद्र अग्रवाल, ओमी रामानी, आर पी तिवारी, अशोक चावलानी, पारस जैन, राजेश बगड़िया, मनीष अग्रवाल दर्री, डा राजीव गुप्ता, आकाश सिंघानिया, प्रकाश कोचर, डा प्रिंस जैन, , सतेन्द्र पुरी, महेंद्र चोपड़ा, महेंद्र बोहरा, राजेश अग्रवाल वकील, संजय सिंह, अप्पा राव, गुड्डु साहु, महेंद्र शर्मा, पंकज अग्रवाल, अशोक सचदेव, शंकर अग्रवाल, विष्णु शंकर मिश्रा, मनीराम साहु, संजु , अमित अग्रवाल, आदित्य शास्त्री, राजेश अग्रवाल गायत्री, अरुण त्रिपाठी, अरुण अग्रवाल, मुकुल जैन, पवन अग्रवाल एडवोकेट, राधेश्याम अग्रवाल, ओमप्रकाश केसरवानी, सत्यनारायण बुधिया, गोपाल अग्रवाल, सुरेश चावलानी, सुरेश वैष्णव, कन्हैया कलवानी, अंकित सावलानी, मनोज अग्रवाल, पुरुषोत्तम शर्मा, विक्की सचदेव, राजेश रामानी, विजय अग्रवाल, चिंतामणि साहु, बजरंग लाल अग्रवाल, सूरज अग्रवाल, लकेश गंगवानी, सुनील तिवानी, सतीश अग्रवाल, अलंकार नायडू, निराकर बेहरा, श्रेयांस जैन, विनय मोदी, बालकृष्ण श्रीवास, नरेश अग्रवाल, संजय शर्मा , प्रशांत गुप्ता , व्यापारी बंधुओं ने अपने श्रद्धेय के नाम पर शिला पट्टिका लगाकर अपने हाथों से नीम का पौधा लगाया।

# शहरी क्षेत्र में पाईप लाईन से कुकिंग गैस की आपूर्ति का काम होगा जल्द,दिल्ली में केन्द्रीय मंत्री से मिले लखन लाल

**कोरबा ।** भारत मंडपम, नई दिल्ली में केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पूरी की अध्यक्षता में हुई राज्यों के उद्योग मंत्रियो के साथ ऊर्जा वार्ता बैठक में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने किया। ऊर्जा वार्ता में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पूरी ने प्राकृतिक गैस और पेट्रोलियम सेक्टर में भविष्य की संभावनाओ, निर्माणाधीन प्रोजेक्ट पर विस्तार से चर्चा की। उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने केंद्रीय मंत्री से मुलाकात कर विभिन्न विषयों पर प्रकाश डाला। मंत्री श्री देवांगन ने नागपुर से झारसुगुड़ा नेचुरल गैस 692 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन के संबंध में बताया कि 692 किलोमीटर लंबी पाइप लाइन में से सिर्फ दो किलोमीटर ही शेष रह गया है। जल्द ही इसे पूर्ण किया जाएगा। इसके पूर्ण होने के बाद छत्तीसगढ़ के कई बड़े शहर रायपुर, भिलाई दुर्ग, कोरबा, रायगढ़, बिलासपुर और राजनांदगांव में सिटी गैस नेटवर्क की स्थापना कर उपभोक्ताओं के घरों तक गैस सप्लाई योजना की मांग रखी। इसी तरह विशाखापट्टनम से रायपुर पाइपलाइन प्रोजेक्ट जो की हाल ही में शुरू हुआ है। 540 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन बिछने के बाद गैस की आपूर्ति और भी सुगम तरीके से हो सकेगी। बैठक में मंत्री लखन लाल देवांगन के साथ सीएसआईडीसी के एमडी श्वेश कुमार, ईडी आलोक त्रिवेदी भी उपस्थित रहे। बस्तर में सीबीजी प्लांट और एलएनजी स्टेशन की प्रक्रिया में लाई जाएगी तेजी कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन ने बताया की बैठक में छत्तीसगढ़ में उच्च प्राथमिकता वाले प्रकरण अंतर्गत बस्तर में सीबीजी प्लांट और एलएनजी प्लांट की स्थापना के संबंध में समीक्षा हुई। 2022- 2023 में सीबीजी प्लांट की स्थापना के लिए 15 से 20 एकड़ जमीन की मांग क्रेडा के माध्यम से की गई थी, जिसकी प्रक्रिया तेजी से चल रही है। इसी तरह जगदलपुर से नगरनार रोड में एलएनजी स्टेशन की स्थापना के लिए बस्तर कलेक्टर से वर्ष 2022- 2023 में ढाई एकड़ जमीन का आवंटन हो चुका है। जल्द संयंत्र की स्थापना होगी।

# तबला वादक मोरध्वज वैष्णव को प्रदेश के मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

**कोरबा ।** कोरबा जिले के अंतर्राष्ट्रीय एवं प्रख्यात तबला वादक मोरध्वज वैष्णव को विगत दिनों छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राजधानी रायपुर के बेबीलॉन इंटरनेशनल होटल में आयोजित अखिल भारतीय वैष्णव ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अधिवेशन के एक गरिमामयी सम्मान समारोह में वैष्णव समाज में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया।

उल्लेखनीय हैं की मोरध्वज वैष्णव विगत 25 वर्षों से कोरबा तथा छत्तीसगढ़ के होनहार तबला, नृत्य के विद्यार्थियों को उच्च स्तरीय संगीत शिक्षा देकर राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित किए हैं। इसके अलावा मोरध्वज वैष्णव ने अभी तक राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विश्व के अनेकों देशो में अपनी कला के प्रदर्शन से अनेकों मान-सम्मान प्राप्त कर चुके हैं। इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री तथा वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे।

## भारतीय वायु सेना में अग्निवीर भर्ती हेतु ऑनलाईन आवेदन 31 जुलाई तक आमंत्रित

**कोरबा ।** भारतीय वायुसेना में भर्ती हेतु कार्यालय भोपाल द्वारा छत्तीसगढ़ के अविवाहित पुरूष एवं महिला आवेदकों से अग्निवीर वायु वर्ष 2026 हेतु ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। भारतीय वायुसेना में अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है जो 31 जुलाई 2025 रात्रि 11.00 बजे तक खुली रहेगी। इसके लिए ऑनलाईन फार्म एवं विस्तृत जानकारी भारतीय वायुसेना के वेबसाईट पर उपलब्ध है। ऐसे आवेदक जिनका जन्म 02 जुलाई 2005 एवं 02 जनवरी 2009 के बीच हुआ है और जो 102 या समकक्ष परीक्षा विज्ञान समूह जैसे - गणित भौतिकी एवं अंग्रेजी में किसी मान्यता प्राप्त केन्द्रीय राज्य या केन्द्र शासित राज्य बोर्ड से न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ जिसमें अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंक हो। 2 वर्षीय डिप्लोमा कोर्स इंजीनियरिंग जैसे इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाईल, कम्प्यूटर साइंस, इस्ट्रूमेंटेशन टेक्नोलॉजी, इंफोरमेशन टेक्नोलॉजी इत्यादि। मान्यता प्राप्त बोर्ड अथवा राज्य, केन्द्र शासित राज्य से 50 प्रतिशत अंकों के साथ तथा जिसमें इंटरमिडिएट/मैट्रिकुलेशन में अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंक हो/ 2 वर्षीय व्यावसायिक कोर्स हो तथा जो छत्तीसगढ़ का निवासी है। ऑनलाईन पंजीयन कर सकते हैं।

# भैंसदा गांव में जमीन विवाद को लेकर महिला पर प्राणघातक हमला

## कमरे में फैला खून ही खून, पति पर भी हमला; जमीन बेचने से नाराज था पड़ोसी

**जांजगीर-चांपा।** जिले में पड़ोसी युवक ने घर घुसकर महिला के सिर पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। जमीन दूसरे को बेचने को लेकर युवक गुस्से में था। हमले से महिला खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर पड़ी। फिलहाल, उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना का लाइव वीडियो भी सामने आया है।

मामला नवागढ़ थाना क्षेत्र का है। ग्राम भैंसदा में 16 जुलाई की रात पति-पत्नी घर पर थे, तभी आरोपी युवक दरवाजा खटखटा कर अंदर घुसा। वह अपने साथ कुल्हाड़ी लेकर आया था। पति-पत्नी और युवक के बीच बहस हुई। युवक ने पहले कुल्हाड़ी उठाकर दोनों को डराया,



फिर सीधे महिला के सिर पर वार कर दिया।
महिला खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर पड़ी, हालत गंभीर बताई जा रही है।
महिला खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर पड़ी, हालत गंभीर बताई जा रही है।

महिला पर हमले के बाद उसने पति पर भी वार करने की कोशिश की, लेकिन पति ने किसी तरह अपनी जान बचाई। इसके बाद आरोपी मौके से भाग गया। पति ने थाने में घटना की सूचना दी।जानकारी के मुताबिक पीड़ित पक्ष ने अपनी जमीन दूसरे को बेच दी। जबकि आरोपी हितेंद्र तरुण (29 साल) की उस जमीन पर नजर थी, जमीन मुझे नहीं बेची कहकर मनमुटाव रखता था।

इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के विवाद था। फिलहाल, अनिता सूर्यवंशी (35 साल) की हालत गंभीर है, वह बिलासपुर सिम्स में भर्ती है।

आरोपी पिछले कई दिनों से पीड़ित पक्ष को परेशान कर रहा था। पहले भी घर घुसकर विवाद कर चुका था, जिससे दंपती डरे-सहमे हुए थे। 16 जुलाई की रात करीब 11 बजे जोर-जोर से दरवाजा खटखटाने की आवाज आई। इस दौरान महिला के पति ने कैमरा ऑन कर सामने रख दिया था।

2 मिनट के वीडियो में स्पष्ट देखा जा सकता है कि आरोपी आरोपी हितेंद्र तरुण (29 साल) ने घर घुसते ही पति-पत्नी के ऊपर कुल्हाड़ी तान दी और डराने लगा। दोनों मना करते रहे, इसी बीच पूरी ताकत के साथ मारा। वीडियो में आवाज भी सुनी जा सकती है।

एसपी विवेक पांडेय ने बताया कि, पुलिस ने घायल महिला को पहले जिला अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे बिलासपुर के सिम्स अस्पताल रेफर कर दिया। महिला की स्थिति अभी गंभीर है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। आरोपी और उसका पूरा परिवार ताला लगाकर भाग गया है।



## 550 मिलीमीटर वर्षा होने से हसदेव का जलस्तर बढ़ा

**जांजगीर।** लगभग दस दिन अच्छी बारिश होने के बाद मानसून ने ब्रेक लिया है। सुबह सूर्य नजर आए, लेकिन दोपहर होते-होते बादल ने फिर आसमान को घेर लिया और शाम को बारिश भी हुई। जिले में औसत 1250 मिलीमीटर बारिश सालाना होती है, पर इस साल सावन से पहले अच्छी बारिश होने से नदी-नाले भरे नजर आ रहे हैं। चांपा से गुजरने वाली हसदेव नदी भी पाटो पाट बह रही है। नदी के पानी से एनीकट डूबा रहा।

## नामांतरण प्रक्रिया के लिए रिश्वत मांगने पटवारी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** जिले में एंटी करप्शन ब्यूरो ने एक पटवारी को 20 हजार रिश्वत लेते हुए पकड़ा है। पटवारी कार्यालय जांजगीर में तैनात बालमुकुंद राठौर ने शिकायतकर्ता से जमीन में से बहन का नाम हटाने के लिए पैसे की मांग की थी।



गत गुरुवार (17 जुलाई) दोपहर 12 बजे एसीबी की टीम ने ट्रैप लगाया। शिकायतकर्ता को केमिकल युक्त नोट देकर पटवारी के पास भेजा गया। जैसे ही पटवारी ने रिश्वत की राशि ली, एसीबी की टीम ने दबिश देकर उन्हें गिरफ्तार कर लिया।रिश्वत के बाद केमिकल युक्त नोटों की पुष्टि के लिए जब पटवारी के हाथ पानी में डाले गए तो वे रंगे हुए पाए गए।शिकायतकर्ता सत्येंद्र कुमार राठौर ने मामले में इस संबंध में उन्होंने एसीबी बिलासपुर में शिकायत दर्ज कराई। एसीबी की कार्रवाई पूरी होने के बाद आरोपी पटवारी को जिला न्यायालय जांजगीर में पेश किया जाएगा

## यादव समाज की जिला इकाई का पुनर्गठन

**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर-चांपा में यादव समाज की जिला इकाई का पुनर्गठन किया गया। इस दौरान वर्षभर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तैयार की गई। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष विनोद गोपाल के नेतृत्व में वरिष्ठ समाजजनों की सहमति से जिला, ब्लॉक और नगर अध्यक्षों सहित अन्य पदाधिकारियों की घोषणा की गई। पुनर्गठन बैठक में डॉ. सुरेश यादव, कृपा शंकर यादव, दीपक कुमार यादव, चंद्र प्रकाश यादव, मोहन यादव, राम प्रसाद यादव, विष्णु यादव सहित कई सदस्य उपस्थित रहे। राउत नाच महोत्सव के संयोजक अमित यादव, सहसंयोजक नंदू यादव, अधिवक्ता महासभा संयोजक हितेश यादव, सहसंयोजक मोहन यादव, गोवर्धन पूजा संयोजक योगेश गोपाल और सहसंयोजक श्याम यादव (सोनू) बनाए गए। जिला उपाध्यक्ष शहरी मोहन यादव और अजय यादव, ग्रामीण सदन यादव, महासचिव डॉ. नीलसागर यादव, सचिव मितेश यादव, कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र यादव, सह सचिव संतोष यादव चुने गए।

# बारिश में बदहाल सड़कों में वाहन फंस रहे, दुर्घटना का डर



**बाराद्वार।** वार्ड नंबर 5 में रेलवे फाटक से जैजैपुर चौक की ओर जाने वाले रास्ते में बड़े गड्ढे हो गए हैं। इनमें पानी भरने से पैदल चलने वालों और वाहन चालकों को काफी परेशानी हो रही है। यह सड़क पूरी तरह खराब हो चुकी है।

नगर पंचायत नया बाराद्वार के वार्ड क्रमांक 5 में स्थित यह सड़क रेलवे और नगर पंचायत की जमीन पर बनी है। रेलवे साइडिंग के भारी वाहनों के आने-जाने से सड़क में गड्ढे बन गए हैं, जिनमें पानी भर गया है। इससे आसपास रहने वाले लोग, पैदल चलने वाले और वाहन चालक सभी परेशान हैं। इस मार्ग से रोजाना स्कूल बस, बाइक और अन्य वाहन गुजरते हैं। आम नागरिकों का भी इसी रास्ते से आना-जाना होता है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। नगर पंचायत अध्यक्ष नारायण कुर्रे ने 17 जुलाई को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के सीनियर सेक्शन इंजीनियर रायगढ़ को पत्र लिखकर खराब सड़क की जानकारी दी है।

## तहसीलदार 21 जुलाई से करेंगे चरणबद्ध आंदोलन

**जांजगीर।** छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक संघ के बैनर तले जिले के तहसीलदार और नायब तहसीलदार 21 जुलाई से चरणबद्ध आंदोलन शुरू करेंगे। 26 जुलाई तक राजस्व कार्य नहीं करेंगे। संघ ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। इसमें मानव संसाधन की कमी, तकनीकी सुविधाओं के अभाव, सुरक्षा और शासकीय वाहनों की अनुपलब्धता से हो रही दिक्कतों का जिक्र किया गया है। 28 जुलाई को सभी अधिकारी सामूहिक अवकाश लेकर जिला स्तर पर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

## सक्ती जिले में 25 जुलाई को पौधरोपण अभियान चलेगा

**सक्ती।** कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने सक्ती जिले को हरा-भरा बनाने के लिए बरसात के मौसम में वन विभाग, उद्यान विभाग सहित सभी संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को वृहद स्तर पर पौधरोपण अभियान आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। इस अभियान के तहत 25 जुलाई को सक्ती, डभरा, मालखरौदा और जैजैपुर विकासखंडों में बड़े पैमाने पर पौधरोपण किया जाएगा।



कलेक्टर ने जिले के सभी नागरिकों, युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों और जनप्रतिनिधियों से इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने और अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को पौधरोपण कार्यक्रम का सुव्यवस्थित आयोजन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए हैं।

## 1705 मजदूरों का 10 माह से 4 करोड़ का भुगतान लंबित

**अकलतरा।** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अकलतरा विकासखंड में 1705 मजदूरों को 10 महीने से मजदूरी नहीं मिली है। इन मजदूरों ने 90 दिन तक काम किया, लेकिन वर्क कोड जारी नहीं होने के कारण 4 करोड़ 5 लाख 45 हजार रुपए का भुगतान अटका हुआ है।

मजदूरी न मिलने से मजदूर जनपद पंचायत कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं और कई मजदूर रोजगार की तलाश में दूसरे राज्यों की ओर पलायन कर चुके हैं। राज्य शासन ने योजना के तहत गांव के मजदूरों को 90 मानव दिवस का रोजगार देने और मस्टर रोल के जरिए भुगतान का निर्देश दिया था। अकलतरा विकासखंड में 12,500 आवासों का लक्ष्य रखा गया, जिनमें से 10,015 आवास स्वीकृत हुए हैं। अब तक 4280 आवास पूरे हो चुके हैं, 3696 निर्माणाधीन हैं और 2029 आवासों का काम शुरू नहीं हुआ है। विधानसभा में उठा मुद्दा विधानसभा के मानसून सत्र में विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह ने यह मुद्दा उठाया। उन्होंने मुख्यमंत्री और पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यदि मजदूरी का भुगतान नहीं हुआ तो धरना और आंदोलन किया जाएगा। इसकी पूरी जिम्मेदारी राज्य शासन और जिला प्रशासन की होगी।

# कई सड़कों पर गड्ढों की वजह से चलना मुश्किल

**मालखरौदा।** मिशन चौक से छपोरा तक राज्य मार्ग क्रमांक 16 की सड़क की हालत बेहद खराब हो चुकी है। इस मार्ग पर दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मिशन चौक, ग्राम बड़े सीपत, ग्राम कुरदा सहित कई स्थानों पर सड़क में गड्ढे तालाब जैसे बन गए हैं, जिनमें बरसात का पानी भरा हुआ है। इससे वाहन चालक गड्ढों को ठीक से पहचान नहीं पाते और कई बार दुर्घटनाएं हो जाती हैं।



इस मार्ग पर पहले भी कई हादसे हो चुके हैं, जिनमें वाहन चालक और सवार गंभीर रूप से घायल हुए हैं। यह सड़क छत्तीसगढ़ शासन के पीडब्ल्यूडी विभाग के अधीन है, लेकिन विभाग द्वारा अब तक कोई ठोस समाधान नहीं किया गया है। जिले के कलेक्टर और अन्य अधिकारी भी इस मार्ग से गुजर चुके हैं, फिर भी मरम्मत कार्य में कोई खास प्रगति नहीं हुई है। यह मार्ग सैकड़ों यात्रियों, बसों, हाईवा और ट्रकों सहित भारी वाहनों के आवागमन का मुख्य मार्ग है। शासन को इस मार्ग से करोड़ों रुपए का टैक्स प्राप्त होता है, फिर भी सड़क सुधार के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। बरसात से पहले शासन द्वारा प्रमुख सड़कों की मरम्मत के लिए राशि जारी की जाती है, लेकिन इस मार्ग की स्थिति अब भी बदतर बनी हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क परिवहन की स्थिति और भी दयनीय होने की आशंका है। यदि समय रहते सुधार नहीं हुआ, तो यह विकास की राह में बड़ी बाधा बन सकता है। स्थानीय लोगों ने विभाग और प्रशासन से इस मार्ग की तत्काल मरम्मत कर सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि दुर्घटनाओं को रोका जा सके और यातायात में कोई परेशानी न हो।

## पीड़ित महिला को झांसा देकर किया अनाचार

**जांजगीर।** आरोपी अशोक श्रीवास 38 साल का है। वह वार्ड 06 बुढ़गहन, थाना बलौदा का निवासी है। वर्तमान में खिसोरा, थाना अकलतरा में रह रहा था। उसके खिलाफ धारा 376, 506 और 323 के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता की तबीयत अक्सर खराब रहती थी। इसी दौरान उसकी मुलाकात खुद को पास्टर कहने वाले अशोक श्रीवास से हुई। आरोपी ने कहा कि वह उसकी तबीयत ठीक कर देगा।

भरोसा दिलाकर उसे अपने घर ले गया और जबरदस्ती दुष्कर्म किया। पीड़िता की शिकायत पर 16 जुलाई 2025 को आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 318/25 दर्ज किया गया। महिला से हुए अपराध को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक विजय पांडेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप और अनुविभागीय अधिकारी प्रदीप सोरी के मार्गदर्शन में आरोपी की तलाश की जा रही थी। इसी दौरान आरोपी अकलतरा स्टेशन पर भागने की फिराक में था। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने जुर्म कबूल कर लिया। इसके बाद उसे रिमांड पर भेजा गया। आरोपी।

# गौठान में पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प



**बलौदा।** गुरुवार को श्रीनंदशवरम् गौ सेवा समिति के सदस्यों के साथ नगर पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सीएमओ और पार्षदों ने वार्ड क्रमांक 10 रामपुर स्थित गोठान में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम मां के नाम से प्रेरणा लेकर आयोजित किया गया।

इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष कविता डहरिया ने कहा कि पेड़ लगाना हम सभी की जिम्मेदारी है। औद्योगिकीकरण के कारण पेड़ों की कटाई हो रही है, इसलिए हमें पौधरोपण की गति को दोगुना करना होगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि पर्यावरण का संतुलन बिगड़ा तो यह सभी के लिए नुकसानदेह होगा। उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार सोनी ने कहा कि शुद्ध हवा और ऑक्सीजन हमें पेड़ों से ही मिलती है, इसलिए अधिक से अधिक पौधरोपण जरूरी है। रमाकांत यादव ने कहा कि केवल पौधे लगाना पर्याप्त नहीं है, उनकी देखभाल भी जरूरी है। ट्री गार्ड लगाना, खाद और पानी देना आवश्यक है, अन्यथा पौधरोपण व्यर्थ होगा।गौ सेवा समिति के सदस्य संजय रजक ने बताया कि गोठान में अब तक 70 से अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं। समिति का उद्देश्य और अधिक पौधे लगाना और गौसेवा के क्षेत्र में समर्पित कार्य करना है। इस अवसर पर सीएमओ एचडी रात्रे, पार्षद राजकुमार सोनी, दिल हरण दिवाकर, राम सिंह राजपूत, भीखम सिंह, शिवा देवांगन और समिति के सदस्य मनीष देवांगन, हितेश, संजय रजक, शिवाजी अग्रवाल, श्रीकांत देवांगन, प्रदीप कैवर्त उपस्थित रहे।

## महीने में एक अच्छा कार्य करें, तभी मानी जाएगी उपलिब्धः आईजी शुक्ला

**जांजगीर-चांपा।** बिलासपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) संजीव शुक्ला ने गुरुवार को शिवरीनारायण थाने में स्टाफ से अपने अच्छे कार्य बताने को कहा। सभी का जवाब सुनने के बाद शुक्ला ने कहा- स्टाफ की संख्या के हिसाब से अच्छे कार्य कम है। उन्होंने कहा कि थाने के 46 स्टाफ है। ऐसे में महीने में कोई एक भी अच्छा कार्य करेगा तो महीने में 46 अच्छे कार्य हो जाएंगे और साल में यह आंकड़ा 600 के आसपास होगा। बीट वाइस आरक्षण की पकड़ अच्छी होनी चाहिए। गांवों में अवैध शराब, गांजा की बिक्री, जुआ या अन्य कोई अपराध हो उसमें रोक लगाएं।

आईजी शुक्ला ने थाना प्रभारी और पुलिस स्टाफ से लंबित प्रकरणों की स्थिति, शिकायतों के त्वरित निपटान और जनता से व्यवहार की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि थाने में आने वाले हर फरियादी से सम्मानजनक और संवेदनशील व्यवहार किया जाए। इसके बाद आईजी ने शिवरीनारायण थाने में नवनिर्मित बैरक का उद्घाटन किया। इसके अलावा उन्होंने चौक-चौराहों में लगे मिशन सिक्योर सिटी में लगे सीसीटीवी कैमरे का उद्घाटन किया का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना परिसर की साफ-सफाई, अभिलेखों के संधारण, हाजत, मालखाना और शस्त्रागार की व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने पुलिस कर्मियों को सजग, अनुशासित और जवाबदेह रहते हुए विश्वास को बनाए रखने की बात कही।

## कौशल विकास के लिए नागरिक मंच कर रहा प्रयास

**अकलतरा।** वरिष्ठ नागरिक मंच की बैठक नगर के बालक पूर्व माध्यमिक शाला परिसर में स्थित कार्यालय भवन में आयोजित हुई। वरिष्ठ नागरिक मंच के अध्यक्ष रामेन्द्र सिंह चौहान ने मंच की वर्ष भर की गतिविधियों की जानकारी दी। बैठक में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस को धूमधाम से मनाने के साथ नगर के चौक-चौराहों में स्थित महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण और पूजा करने का निर्णय लिया गया।नगर में स्थित बैंकों की शाखाओं में वरिष्ठ नागरिकों का कार्य प्राथमिकता से करने और उनके लिए अलग से काउंटर स्थापित करने के लिए शाखा प्रबंधकों को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया। मंच के लिए सुसज्जित भवन निर्माण के लिए नगर पालिका कार्यालय को ज्ञापन देने का भी निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज नगर इकाई अध्यक्ष विजय केडिया ने कहा कि वृद्धजन समाज की धरोहर होते हैं और उनके अनुभव से समाज को लाभ मिलता है।

# आईजी ने पौधा लगाया, देखरेख करने की दी जिम्मेदारी

**सक्ती।** बिलासपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) संजीव शुक्ला ने जिले के पुलिस अधीक्षक कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जिले के पुलिसिंग कार्यों की समग्र समीक्षा की और विभिन्न विभागीय कार्यों की जानकारी लेते हुए बेहतर कार्य निष्पादन के लिए जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में आयोजित बैठक में आईजी शुक्ला ने अधिकारियों से क्षेत्र की कानून व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, महिला सुरक्षा, साइबर अपराध, लंबित मामलों की स्थिति और सामुदायिक पुलिसिंग के प्रयासों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि बेसिक पुलिसिंग को नवाचार के साथ जोड़ते हुए जनता को भरोसेमंद और त्वरित सेवा देना ही पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने थानों में जनता के साथ व्यवहार, केस निपटान की गति और तकनीकी संसाधनों के उपयोग पर भी जोर दिया। इस अवसर पर उन्होंने जिले में प्रस्तावित नवनिर्मित पुलिस लाइन की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की।

आईजी शुक्ला ने इसके प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर अपने सुझाव दिए और निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए। एसपी अंकिता शर्मा ने जिले में अब तक की गई प्रमुख पुलिसिंग गतिविधियों, अपराध नियंत्रण



के लिए किए जा रहे प्रयासों और पुलिस बल की संरचना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सक्ती जिले में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए लगातार निगरानी एवं गश्त बढ़ाई गई है।

आईजी संजीव शुक्ला के दौरे के दौरान पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में रेंज वृक्षारोपण अभियान की औपचारिक शुरुआत भी की गई। इस अवसर पर आईजी संजीव शुक्ला एवं एसपी अंकिता शर्मा ने संयुक्त रूप से पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश यादव सहित अन्य पुलिस अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। आईजी शुक्ला ने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण जैसे अभियान बेहद जरूरी हैं और इसमें पुलिस विभाग को भी अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। उनके दौरे से जिला पुलिस बल में नई ऊर्जा का संचार हुआ है।

---

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मनेन्द्रगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक :202507330400022**

विषय : अ-20(1) मामले की श्रेणी : राजस्व सन:-2024-2025

मनेन्द्रगढ़ प.ह.नं. 00014/197/4 (वार्ड क्र. 23 शीट-01(1750.00 हे.)
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार- आलोक कुमार जायसवाल, अनूप कुमार जायसवाल,अलका, अर्चना, आरती, अनिता श्री लालबाबू जायसवाल
अनावेदक पक्षकार-(छ.ग.) शासन

**// ईश्तहार//**

पत्र क्र./2379/वाचक-4/2024-25 दि.17.07.2025
रा.प्र.क्र. 202507330400035/अ-2/2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण आलोक कुमार जायसवाल आ. लालबाबू जायसवाल व अन्य (6) सभी निवासी अम्बिकापुर रोड मनेन्दगढ़, जिला एम.सी.बी. के द्वारा नगर मनेन्द्रगढ़ स्थित नजूल प्लाट में 197/4 रकबा 1750 वर्गफीट भूमि, जिसकी लीज अवधि 2017 में समाप्त हो चुकी है, को आवेदकगण आगामी अवधि के लिए लीज नवीनीकृत कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति व संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह आगामी पेशी दिनांक 31.07.2025 के पूर्व इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति दर्ज कर ा सकते हैं।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 15.07.2025 को जारी किया जाता है।

सील
Lingraj Sidar
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
मनेन्द्रगढ़, एम.सी.बी. (छ.ग.)

---

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मनेन्द्रगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक :202507330400035**

विषय : अ-2 मामले की श्रेणी : राजस्व सन:-2024-2025

मनेन्द्रगढ़ प.ह.नं. 00014/196/5 (0.162हे.)
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार- आलोक कुमार जायसवाल
अनावेदक पक्षकार-छ.ग.शासन

**// ईश्तहार//**

पत्र क्र./2376/वाचक-1/2024-25 दि.16.7.25
रा.प्र.क्र. 202507330400035/अ-2/2024-25
पक्षकार आलोक कुमार जायसवाल प्रति छ.ग. शासन

ग्राम नगर मनेन्द्रगढ़ की जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक आलोक कुमार जायसवाल आ. लालबाबू जायसवाल उम्र करीब 53 वर्ष, निवासी अम्बिकापुर रोड मनेन्द्रगढ़ तह. मनेन्द्रगढ़ जिला एम.सी.बी.(छ.ग.) द्वारा छ.ग.भू.रा. संहिता की धारा 172 के तहत नगर मनेन्द्रगढ़ में स्थित भूमि खसरा नं. 196/5 रकबा 0.0162 हे. का आवेदक आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन कराना चाहता है। आवेदक के नाम पर राजस्व अभिलेखों में खातेदार के रूप में दर्जशुदा एवं कब्जेदार भूमिस्वामी है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि का भूमि परिवर्तन का आवेदन पत्र मय बी-वन, खसरा, नजरी नक्शा, ले आउट नक्शा, रजिस्ट्री, नगरपालिका का अनापत्ति के साथ प्रस्तुत किया है। अतः उक्त भू-व्यपवर्तन के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति पेश करना है तो दिनांक 25/07/2025 तक पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त किसी भी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा स्वीकार नहीं किया जावेगा।

प्रतिलिपि- आलोक कुमार जायसवाल आ. लालबाबू जायसवाल, निवासी अम्बिकापुर रोड मनेन्द्रगढ़ तह. मनेन्द्रगढ़ जिला एम.सी.बी. (छ.ग.) उपरोक्त ईश्तहार का प्रकाशन समाचार पत्र में कराया जाकर उसकी प्रति इस न्यायालय में पेशी दिनांक 25.07.2025 के पूर्व प्रस्तुत करें।

ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 10.07.2025 को जारी किया जाता है।

सील
Lingraj Sidar
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
मनेन्द्रगढ़, एम.सी.बी. (छ.ग.)

---

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार नया बाराद्वार, जिला-सक्ती (छ.ग.)**

**// उपस्थिति सूचना//**

रा.प्र.क्र. 202505312000007/अ-27/2024-2025
ग्राम -रेडा, प.ह.न.06
तहसील- नया बाराद्वार

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासी ग्राम-रेडा प.ह.नं. 07 को सूचित किया जाता है कि आवेदक उपरोत विषयांतर्गत लेख है कि आवेदिका संतोषी बाई पिता दाउराम निवासी ग्राम रेडा द्वारा ग्राम रेडा तहसील-नया बाराद्वार स्थित अपने शामिल खाते की भूमि ख.नं. 795/1, 795/10, 937/1, हेक्ट भूमि कुल खसरा नं.-03 कुल रकबा 0.5140 हेक्ट भूमि अवस्थित है, उक्त भूमि को उभयपक्ष के मध्य अंश के आधार पर बंटवारा/खाता विभाजन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में अनावेदिका क्रमांक 02 उमाबाई पिता दाउदास उम्र 42 वर्ष जाति पनिका ग्राम-रेडा तहसील-नया बाराद्वार की उपस्थिति अनिवार्य है। अतः आगामी पेशी दिनांक 25.07.2025 को अनिवार्य रूप से स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम उपस्थित होना सुनिश्चित करें। तिथि बद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 16.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन शील मुद्रा से जारी किया गया।

सील
अतिरिक्त तहसीलदार
नया बाराद्वार, जिला-सक्ती (छ.ग.)

## अनमोल वचन......

तुम्हारे अपने ही दुश्मन बन जायेंगे दोस्तों!
जरा उनसे आगे निकल कर तो देखो।

# ईओएल वाहनों को राहत

*दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण पर केंद्र के आयोग ने राष्ट्रीय राजधानी में समय सीमा पूरी कर चुके वाहनों (ईओएल) में ईंधन भरने पर प्रतिबंध के कार्यान्वयन को एक नवम्बर तक स्थगित करने का फैसला किया है। दिल्ली में अब यह अभियान राष्ट्रीय राजधानी से सटे पांच उच्च वाहन घनत्व वाले जिलों गुरुग्राम, फरीदाबाद, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर और सोनीपत के साथ इसी साल एक नवम्बर से शुरू किया जाएगा। ईओएल वाहन 10 वर्ष से अधिक पुराने डीजल चालित वाहन और 15 वर्ष से अधिक पुराने पेट्रोल वाहन हैं। पहले जारी निर्देश में कहा गया था कि ऐसे वाहनों को एक जुलाई से दिल्ली में ईंधन नहीं दिया जाएगा, चाहे वे किसी भी राज्य में पंजीकृत हों।*

*इस फैसले का क्रियान्वयन शुरू होते ही जनाक्रोश बढ़ा तो दिल्ली सरकार को अहसास होने लगा कि यह फैसला प्रतिगामी साबित हो सकता है। यह भी लगने लगा कि यह फैसला समय से पहले उठा लिया गया कदम है। क्रियान्वयन में परिचालनगत और ढांचागत चुनौतियां भी समझ आने लगीं। सरकार के हाथ-पांव फूलने लगे और उसने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीक्यूएम) से ईओएल के खिलाफ कार्रवाई रोकने का अनुरोध किया। इस पर सीक्यूएम ने समीक्षा बैठक करके इस फैसले पर फिलवक्त रोक लगाने का निर्णय लिया है। दरअसल, यह फैसला जब नवम्बर में लागू किया जाएगा तब भी दिल्ली सरकार को तमाम चुनौतियों का सामना करना होगा। एक तो यह क्रियान्वयन इतना सख्त है कि एक भी ईओएल बचने नहीं पाएगा। ऐसे में जब्ती होगी।*

*पुराने वाहन से वाहन स्वामियों का भावनात्मक लगाव होता है, इसके अलावा कई वाहन स्वामी अपने वाहनों को अच्छे से मेंटेन करके रखते हैं और उन्हें लगता है कि उनके वाहन प्रदूषणकारी नहीं है, जो सच भी होता है, तो ऐसे में उनकी जब्ती उन्हें पच नहीं सकेगी। बीते दिनों इस फैसले के क्रियान्वयन के पहले ही दिन जिस तरह वाहन पेट्रोल पंपों पर जब्त करके वाहन स्वामियों को 'पैदल' कर दिया गया उससे खासा जनाक्रोश पनपा। वाहन स्वामियों के नजरिए से देखें तो उन्हें गलत नहीं कहा जा सकता। बेशक, प्रदूषण नियंत्रण के नाम पर की जाने वाली किसी भी कवायद या नियम-कायदे को खारिज नहीं किया जा सकता। लेकिन सरकार को इस तथ्य की भी अनदेखी नहीं करनी चाहिए कि नया वाहन खरीदने के लिए मध्यम या निम्न मध्यम वर्ग पर आर्थिक बोझ पड़ना तय है। नये वाहन के लिए ऋण आदि की सहूलियत दिया जाना जरूरी है। बिना इसके आने वाले समय में भी जनाक्रोश रोके नहीं रुकेगा।*

## राशिफल

**मेष राशिः** आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज आपको बिजनेस में बढ़िया धनलाभ होने के संकेत मिल रहे हैं। इस राशि की जिन महिलाओं को बिजनेस शुरू करना है, उनको घरवालों का पूरा साथ मिलेगा। आज जीवनसाथी के साथ आपसी सामंजस्य बना रहेगा, आप कहीं घूमने फिरने जा सकते हैं।

**वृष राशिः** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आप बिजनेस के मामलों में सोच समझकर ही निर्णय लेंगे। आज ऑफिस का काम समय पर पूरा हो जाने से आपके मन को शांति मिलेगी और आप नए टारगेट बनाएंगे।

**मिथुन राशिः** आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज आपको रोजगार के नए अवसर मिलेंगे, जो आपकी तरक्की में सहायक होंगे। छात्र आज अपने अटके कार्य को पूरा करने में सफल रहेंगे। अगर आप इंटरव्यू देने जा रहे हैं तो आज आपकी सफलता के योग बन रहे हैं। आज आप अपने किसी दोस्त की आर्थिक मदद करेंगे।

**कर्क राशिः** आज का दिन आपके जीवन में एक नई दिशा लेकर आएगा। आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत बना रहेगा, काम में पेरेंट्स का सहयोग मिलने से आपका उत्साह बढ़ेगा। आज आपको बच्चों की सफलता से खुशी मिलेगी और बच्चों में भी आत्मविश्वास बना रहेगा।

**सिंह राशिः** आज आपका दिन सुनहरा रहने वाला है। आज आलस्य को त्याग कर कुछ नया करने का दिन है। इस राशि के जो लोग सामाजिक सेवा क्षेत्र से जुड़े हैं, उनका दिन व्यस्तता से भरा रहेगा और आपको कुछ बड़ा करने की प्रेरणा मिलेगी। काफी दिनों से चल रही पारिवारिक उलझन, आज ख़त्म हो जाएगी। परिवार में खुशियां आएंगी, आप परिवार के साथ टूर प्लान कर सकते हैं।

**कन्या राशिः** आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। आज आप किसी बड़ी योजना पर काम करने का सुझाव अपने माता-पिता के सामने रखेंगे, उनका आपको पूरा सहयोग मिलेगा। इस राशि के व्यापारी वर्ग को आज अच्छा लाभ होने से आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। विद्यार्थियों के लिए आज का दिन बेहतर है कॉलेज में नए दोस्त बनेंगे।

**तुला राशिः** आज आपका दिन खुशी के पल लेकर आया है। प्राइवेट ऑफिस में नौकरी करने वालों को आज नए प्रोजेक्ट पर काम करने की जिम्मेदारी सौंप दी जाएगी। आप किसी जरूरतमंद की सहायता करेंगे, आपको खुशी मिलेगी। इस राशि के जो लोग खेलकूद से जुड़े हैं, उनको आज अपने कोच से कुछ नया सीखने का मौका मिलेगा।

**वृश्चिक राशिः** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन बना रहेगा। आज आपके विवेक से आपका रुका हुआ कोई काम बन जायेगा। ऑफिस का माहौल सुकून भरा रहने से काम करने के तरीकों में सुधार होगा। आज जीवनसाथी के साथ आपका तालमेल बना रहेगा, रिश्तों में मधुरता आएगी।

**धनु राशिः** आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। अगर आप अपने बिजनेस से जुड़ी नयी ब्रांच ओपन करना चाहते हैं, तो घर वालों से इस विषय में बात कर सकते हैं। आज आपकी मुलाकात किसी ऐसे व्यक्ति से होगी जिससे मिलने के बाद दुनिया को देखने का आपका दृष्टिकोण बदल जायेगा।

**मकर राशिः** आज का दिन मिली जुली प्रतिक्रिया देने वाला होगा। आज किसी काम की वजह से यात्रा करनी पड़ सकती है, जिसके अच्छे रिजल्ट आपको भविष्य में देखने को मिलेंगे। आज किसी की मदद से आपके सरकारी काम बनेंगे। इस राशि की महिलाएं जो घर से किसी काम की शुरुआत करना चाहती है, उनको जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा।

**कुम्भ राशिः** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप किसी आवश्यक काम को पूरा कर लेंगे, जिससे आपको मानसिक सुकून मिलेगा। आज आप किसी से अपने मन की बात शेयर करेंगे वह आपकी बात को जरूर समझेगा। सामाजिक या धार्मिक गतिविधियों में आपका रुझान रहेगा, आपके मन मुताबिक़ कार्यसंपन्न होंगे।

**मीन राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको व्यापार में अचानक बड़ा धन लाभ होगा, घर में सुख सुविधाओं की बढ़ोतरी होगी। आज पूरी मेहनत व एकाग्रता से काम को करने का समय है, आपके काम में जल्द ही सफलता के योग बन रहे हैं। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहने से, आज आप खुद को ऊर्जावान महसूस करेंगे। लवमेट आज एक दूसरे के साथ अच्छा समय बितायेंगे और आप डिनर करने भी जा सकते हैं। आज आप किसी जरूरी मीटिंग में हिस्सा लेंगे जिसमें आपको सफलता मिलेगी।

# मोटर वाहन एग्रीगेटर दिशानिर्देश

//अजय टम्टा //

**पिछले कुछ सालों में लाखों ड्राइवर ऐप-आधारित टैक्सी सेवाओं से जुड़े हैं। क्योंकि इसमें उन्हें काम करने की आजादी, अनुकलता और तकनीकी सुविधा मिलती है। हालाँकि बढ़ते कमीशन, अस्पष्ट नीतियों, मनमाने निलंबन और सुरक्षा के अभाव ने इस वादे को कई लोगों के लिए निराशा में बदल दिया। भारत भर में तीन मिलियन से अधिक गिग ड्राइवरों द्वारा अनुभव की गई इन चुनौतियों ने व्यापक और लागू करने योग्य विनियमन की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित किया।**

इसके जवाब में, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और नितिन गडकरी के मार्गदर्शन में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) ने पहले ही मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के अंतर्गत मोटर वाहन एग्रीगेटर दिशानिर्देश, 2020 जारी किये थे। इन दिशानिर्देशों ने राज्य सरकारों को एग्रीगेटर्स को लाइसेंस देने और उनकी निगरानी करने का अधिकार देते हुए एक नियामक ढाँचा प्रदान किया, जिससे वाहन-परिचालन उद्योग के विकास को बढ़ावा मिला। ड्राइवरों और यात्रियों दोनों के लिए सुरक्षा, निष्पक्षता और जवाबदेही से जुड़ी चिंताओं को देखते हुए, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने अब मोटर वाहन एग्रीगेटर दिशानिर्देश, 2025 पेश किया है। यह भारत के डिजिटल मोबिलिटी इकोसिस्टम में संरचना, सुरक्षा और समावेशिता लाने के लिए एक प्रमुख नीतिगत अपडेट है।

मोटर वाहन अधिनियम 1988 के कानूनी आधार पर निर्मित इन दिशानिर्देशों का उद्देश्य ओला, उबर, रैपिडो जैसे ऐप-आधारित कैब एग्रीगेटर्स के संचालन को विनियमित करना है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि दिशानिर्देश संवैधानिक कार्यादेशों और न्यायिक निर्देशों के अनुरूप ड्राइवरों और यात्रियों दोनों को संतुलित लाभ प्रदान करने का प्रयास करते हैं।

2025 के दिशानिर्देशों का सबसे उल्लेखनीय पहलू है- ड्राइवरों के हितों की सुरक्षा। अब तक एग्रीगेटर प्लेटफॉर्म से जुड़े ड्राइवर, अक्सर खुद को कम कमाई, मनमाने ढंग से कार्य से हटाना (ऑफ-बोर्डिंग), बीमा का न होना और अपर्याप्त कानूनी उपायों के साथ अनिश्चित परिस्थितियों के बीच काम करते थे। नए नियम दिशानिर्देश इन प्रणालीगत कमियों को दूर करने का प्रयास करते हैं।

दिशानिर्देशों में एग्रीगेटर्स को राज्यों द्वारा अधिसूचित मूल किराए के आधार पर प्रति घंटे या न्यूनतम गारंटीकृत आय सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। इसमें यह भी अनिवार्य किया गया है कि एग्रीगेटर और ड्राइवर के बीच किराया निपटान, आपसी सहमति से दैनिक, साप्ताहिक या पाक्षिक आधार पर किया जाना चाहिए। इस कदम से हजारों ड्राइवरों को खासकर आय-प्राप्ति वाले समय में, आय में होने वाले उतार-चढ़ाव से निजात मिलने की उम्मीद है। इसके अलावा, सरकार ने अब प्रत्येक एग्रीगेटर को कम से कम 5 लाख रूपये का स्वास्थ्य बीमा और 10 लाख रूपये का सावधि बीमा प्रदान करना अनिवार्य कर दिया है। उम्मीद है कि ये सुरक्षा उपाय गिग श्रमिकों को औपचारिक श्रम संरचनाओं के दायरे में लायेंगे।

इसके अलावा, नए दिशानिर्देश कमीशन में पारदर्शिता लाते हैं तथा एग्रीगेटर के हिस्से को अधिकांश मामलों में प्रत्येक किराए के 20त्न तक सीमित करते हैं। इससे यह सुनिश्चित होता है, कि ड्राइवर अपनी आय का एक उचित हिस्सा रख सकेंगे। एग्रीगेटर्स को भुगतान कटौती, किराया विभाजन और जुर्माने के बारे में स्पष्ट और विस्तृत जानकारी भी प्रदान करनी होगी।

दिशानिर्देशों में कहा गया है कि प्रत्येक एग्रीगेटर एक औपचारिक शिकायत निवारण प्रणाली की स्थापना करेगा, जहाँ यात्रा रद्दीकरण, भुगतान विवाद या निलंबन जैसे मुद्दों का समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से समाधान हो सके। ड्राइवरों को समय- समय पर प्रशिक्षण भी दिया जाएगा, जिसमें ऐप उपयोग, आपातकालीन प्रतिक्रिया, सड़क सुरक्षा, यातायात नियम, लैंगिक संवेदनशीलता, दिव्यांगजन जागरूकता, ग्राहक से बातचीत, डिजिटल साक्षरता आदि विषयों पर आधारित 40 घंटे का प्रशिक्षण कार्यक्रम शामिल होगा, ताकि वे भविष्य के यातायात से जुड़ी चुनौतियों के लिए बेहतर ढंग से तैयार हो सकें।यात्रियों के लिए भी ये दिशानिर्देश समान रूप से परिवर्तनकारी हैं। यात्रा सुरक्षा, डेटा गोपनीयता और किराए में हेरफेर से जुड़ी चिंताओं को ध्यान में रखते हुए नए दिशानिर्देश सुरक्षा उपाय लेकर आए हैं, जिनकी बहुत आवश्यकता थी। एग्रीगेटर प्लेटफ़ॉर्म पर सभी ड्राइवरों को अनिवार्य पुलिस सत्यापन, स्वास्थ्य जांच और व्यवहार प्रशिक्षण से गुजरना होगा। इसके अलावा, प्रत्येक वाहन में इन ऐप आपातकालीन बटन, जीपीएस-आधारित निगरानी और यात्राओं को साझा करने की सुविधाएँ होनी चाहिए, जो सभी यात्रियों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को बढ़ाती हैं। राज्य की निगरानी में एग्रीगेटर्स द्वारा एक 24×7 नियंत्रण कक्ष और हेल्पलाइन प्रणाली स्थापित की जानी चाहिए।

यात्रियों के लिए एक और बड़ा लाभ किरायों और विशेष परिस्थितियों में किराये में वृद्धि (सर्ज प्राइसिंग) का नियमन है। दिशानिर्देशों में स्पष्ट सीमाएँ निर्धारित की गई हैं। राज्य की नीति के आधार पर किराए में वृद्धि की सीमा आधार किराए के 1.5 से 2 गुना तक सीमित की गयी है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उच्च माँग के समय यात्रियों का शोषण न हो। इसके अलावा, प्लेटफ़ॉर्म को किराए का विवरण पारदर्शी रूप से प्रदर्शित करना आवश्यक है, जिसमें आधार किराया, गतिशील शुल्क, एग्रीगेटर का हिस्सा और सरकारी कर शामिल हैं। महत्वपूर्ण रूप से, दिशानिर्देश उपयोगकर्ताओं की गोपनीयता का भी ध्यान रखते हैं। एग्रीगेटर्स को भारत-स्थित सर्वरों पर उपयोगकर्ता डेटा का संग्रह करने और डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम सहित डेटा सुरक्षा रूपरेखा का पालन करने का निर्देश दिया गया है, ताकि डेटा का दुरुपयोग या लीक न होना सुनिश्चित हो सके और भारत की संप्रभु डेटा नीतियों के अनुसार इसे सुरक्षित रखा जा सके।

प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारतञ्च2047 के विजन, जो समावेशी और सतत विकास पर जोर देता है तथा दिव्यांगजनों के सम्मान और स्वाभिमान को बनाए रखने के लिए उनकी अटूट प्रतिबद्धता के अनुरूप, दिशानिर्देश में इस बात को अनिवार्य किया गया है कि एग्रीगेटर बेड़े का एक हिस्सा दिव्यांगजनों के अनुकूल बनाएं और कार्यबल में ड्राइवरों के रूप में दिव्यांगजनों का उचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करें। ऐसे वाहनों की संख्या राज्यों द्वारा स्थानीय जरूरतों और आवश्यकताओं के आधार पर निर्धारित की जाएगी।

स्थायित्व के लिए एक बड़े प्रयास के तहत, एग्रीगेटर्स को अपने बेड़े में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, वैकल्पिक ईंधन या शून्य उत्सर्जन वाले वाहनों को शामिल करने की आवश्यकता है। संबंधित वायु नियामक निकाय वाहन-परिचालन प्लेटफार्मों के लिए राज्यवार ईवी लक्ष्य निर्धारित करेंगे, तथा यह भारत के जलवायु और स्वच्छ वायु लक्ष्यों के अनुरूप है। दिल्ली की 'देवी' (डीईवीआई) बसें जैसी सार्वजनिक परिवहन प्रणालियाँ ईवी एकीकरण के उदाहरण हैं, जो पहले से ही मौजूद हैं।

ये दिशानिर्देश राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों, विशेष रूप से अनुच्छेद 39 के अनुरूप हैं, जो राज्य को निर्देश देता है कि गिग श्रमिकों सहित नागरिकों के लिए आजीविका के पर्याप्त साधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जानी चाहिए। इसके अतिरिक्त, संविधान के अनुच्छेद 21, जो जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार की गारंटी देता है, की न्यायालयों द्वारा की गयी व्याख्या में सुरक्षित कार्य वातावरण के अधिकार और सम्मान के साथ आवागमन के अधिकार को शामिल किया गया है।

कई न्यायिक निर्णयों ने यात्रा वाहन परिचालन क्षेत्र में उचित नियमन की आवश्यकता पर बल दिया है। पीपुल्स यूनियन फॉर डेमोक्रेटिक राइट्स बनाम भारत संघ (1982) और ओल्गा टेलिस बनाम बॉम्बे नगर निगम (1985) में, सर्वोच्च न्यायालय ने अनुच्छेद 2 के एक अभिन्न अंग के रूप में आजीविका के अधिकार पर जोर दिया। उबर इंडिया सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड बनाम भारत संघ (2020) के मामले में, दिल्ली उच्च न्यायालय ने एग्रीगेटर के मूल्य निर्धारण और लाइसेंस प्रक्रिया को विनियमित करने के राज्य सरकारों के अधिकार को बरकरार रखा, जहाँ यह कहा गया कि उपभोक्ता हितों को पूरी तरह से बाजार-संचालित मूल्य निर्धारण मॉडल के ऊपर रखा जाना चाहिए।

ये फैसले 2025 के दिशानिर्देशों के तहत गिग श्रमिकों को दी गई कई सुरक्षाओं के कानूनी आधार हैं। दिशानिर्देश मोटर वाहन एग्रीगेटर्स के लाभ और यात्रियों के हितों के बीच संतुलन बनाने का एक प्रयास है, साथ ही यह अक्सर उपेक्षित गिग श्रमिकों के अधिकारों को प्राथमिकता देता है।

प्रधानमंत्री के न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन के दृष्टिकोण के अनुरूप, नए दिशानिर्देश एक सरल नियामक प्रणाली प्रदान करते हैं। अब एग्रीगेटर 60 दिनों के भीतर सभी राज्यों में लागू सभी प्रकार के मोटर वाहनों के लिए एकल लाइसेंस प्राप्त कर सकते हैं। इससे यात्री वाहन परिचालन कंपनियों के लिए ड्राइविंग टेस्ट सुविधा की व्यवस्था करने की आवश्यकता समाप्त हो जाती है। इसके बजाय, अब उन्हें मंत्रालय की वाहन परिचालन प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (आईडीटीआर), क्षेत्रीय वाहन परिचालन प्रशिक्षण केंद्र (आरडीटीसी) और वाहन परिचालन प्रशिक्षण केंद्र (डीटीसी) योजना का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। केंद्र सरकार द्वारा वित्त पोषित इन केंद्रों का उद्देश्य दूरदराज के क्षेत्रों में भी वैज्ञानिक प्रशिक्षण को सुलभ बनाना है, जिसमें जनसंख्या और भौगोलिक स्थिति के आधार पर आईडीटीआर के लिए 17.25 करोड़ रुपये, आरडीटीसी के लिए 5.5 करोड़ रुपये और डीटीसी के लिए 2.5 करोड़ रुपये तक का अनुदान दिया जाता है।

ये संस्थान न केवल व्यक्तियों को उच्च-गुणवत्ता वाले वाहन परिचालन कौशल प्रदान कर रहे हैं, बल्कि देश भर में पेशेवर रूप से प्रशिक्षित ड्राइवरों का एक समूह बनाने में भी योगदान दे रहे हैं। इस पहल से सड़क सुरक्षा बढ़ाने और भारतीय सड़कों पर यातायात दुर्घटनाओं को कम करने में महत्वपूर्ण योगदान मिलने की उम्मीद है। सरकार ने वर्ष 2030 तक सड़क दुर्घटना में होने वाली मौतों को 50त्न तक कम करने का एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है, यह स्वीकार करते हुए कि वर्तमान में सड़क दुर्घटनाओं के परिणामस्वरूप राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद में अनुमानित 3त्न का आर्थिक नुकसान होता है। इन दिशानिर्देशों का जारी होना भारत के मज़बूत संघीय ढाँचे और संवैधानिक प्रावधानों को प्रतिबिंबित करता है। भारतीय संविधान की सातवीं अनुसूची के अनुसार परिवहन समवर्ती सूची का विषय है, जो राज्यों को एग्रीगेटर्स के लाइसेंस और संचालन के लिए नियम बनाने का अधिकार देता है। अधिनियम की धारा 93 विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह केंद्र सरकार को इस उद्देश्य के लिए ऐसे दिशानिर्देश या लाइसेंस प्रक्रिया जारी करने में सक्षम बनाती है।

# हिन्दी को लेकर फिर से विवाद

//नवल किशोर कुमार//

**हिन्दी भाषा को लेकर फिर से विवाद गरमा गया है। इस बार विवाद भाजपा शासित महाराष्ट्र में सामने आया है। हिन्दी को अनिवार्य बनाने की कोशिशों को झटका लगा है। वहां मराठीभाषियों के विरोध को देखते हुए सरकार को अपने कदम खींचने पड़े हैं। हालिया मराठी-हिन्दी विवाद की शुरु आत नई शिक्षा नीति-2020 के तहत त्रिभाषा फॉर्मूले को चरणबद्ध तरीके से लागू किए जाने को लेकर हुई। राज्य शिक्षा विभाग की ओर से प्रस्ताव आया कि-कक्षा एक से दसवीं कक्षा तक हिन्दी की पढ़ाई शुरू की जाए ताकि विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर पर परीक्षा के लिए बेहतर रूप से तैयार किए जा सकें।**

महाराष्ट्र में पचास के दशक से ही मराठी पहचान को लेकर राजनीति जारी है। मराठी भाषा का सवाल उस दौर से ही बेहद संवेदनशील मुद्दा रहा है। यह केवल शिक्षा नीति से जुड़ा मामला नहीं है, बल्कि क्षेत्रीय अस्मिता से भी इसका नाभि-नाल का संबंध है। हालांकि इसके पहले दक्षिण भारत के राज्यों खासकर तमिलनाडु में केंद्र सरकार की पहल का तीखा विरोध हुआ। हालांकि यह विवाद कोई नया विवाद नहीं है। आजादी के पहले से यह चला आ रहा है लेकिन मूल सवाल यह है कि अब यह विवाद क्यों गहराता जा रहा है? तो इसका जवाब यह है कि नई शिक्षा नीति के तहत राज्यों को तीसरी भाषा के रूप में हिन्दी पढ़ाने का निर्देश दिया गया है। इसे लेकर विवाद क्यों है, इसे इस तरह से समझा जा सकता है कि पश्चिम बंगाल में बांग्ला स्थानीय भाषा है, जिसे वहां राजकीय शासन-प्रशासन में इस्तेमाल में लाया जाता है। बांग्ला के अलावा वहां अंग्रेजी को सरकारी मान्यता प्राप्त है, और शिक्षण संस्थानों में भी। अब केंद्र सरकार का कहना है कि वहां तीसरी भाषा के रूप में हिन्दी भी शामिल की जाए। यही स्थिति उन सभी राज्यों में है, जहां की स्थानीय भाषा को पहले से ही सरकारी मान्यता प्राप्त है। यह सवाल कि हिन्दी का विरोध क्यों किया जा रहा है, तो इसके पीछे एक बड़ा सवाल अस्मिता और संस्कृतियों से जुड़ा है। यदि हम तमिलनाडु की ही बात करें तो वहां द्रविड़ संस्कृति रही है, और तमिल को सबसे प्राचीन भाषा का सम्मान भी प्राप्त है। वहां हिन्दी का विरोध कर रहे लोगों का हमेशा तर्क रहा है कि हिन्दी को शामिल करने से हिन्दी से संबंधित संस्कृतियों का समावेशन होगा जिससे द्रविड़ संस्कृति को नुकसान पहुंचेगा। असल में भारत, जो विभिन्न धर्मों और मान्यताओं वाला देश है, में हर प्रांत की अपनी मान्यताएं और संस्कृतियां हैं। सही है कि हिन्दी को उत्तर भारत में सर्वोच्च स्थान हासिल है, और इसका विस्तार मध्य भारत के मध्य प्रदेश, राजस्थान आदि राज्यों में है लेकिन हिन्दी को अभी तक राष्ट्रव्यापी समर्थन नहीं मिल सका है और इसकी वजहें विभिन्न संस्कृतियां व उनसे जुड़ी अस्मिताएं हैं। हिन्दी के विरोध अब इस स्तर तक पहुंच गया है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को भी सफाई देनी पड़ रही है। संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने सफाई दी है कि संघ बहुत पहले से मानता रहा है कि भारत की सभी भाषाएं, राष्ट्रीय भाषाएं हैं। हालांकि यह पूरी तरह सत्य नहीं है। तमिल, कन्नड़, उड़िया, बांग्ला आदि भाषाओं को भारत सरकार ने भले ही आठवीं अनुसूची में जगह दे दी है, लेकिन अब भी राष्ट्रीय स्तर पर उनके प्रचार-प्रसार की वैसी कवायद सामने नहीं आई हैं, जिस तरह की हिन्दी को लेकर की जाती रही है। इसके साथ यह भी कहा है कि प्राथमिक शिक्षा मातृ भाषा में ही होनी चाहिए।

असल में महाराष्ट्र में विरोध के पीछे की राजनीति को दरकिनार नहीं किया जा सकता लेकिन इसका दूसरा पक्ष, जिसे नई शिक्षा नीति के संदर्भ में जरूर देखा जाना चाहिए, यह है कि तीन भाषाओं को पढ़ने से छात्रों की ऊर्जा का अपव्यय होगा। इसे ऐसे समझें कि कोई छात्र तमिल और अंग्रेजी में पढ़ाई कर रहा है, तो उसके लिए हिन्दी पढ़ना अतिरिक्त बोझ के समान होगा। इससे उनकी मेधा प्रभावित होगी। हालांकि केंद्र सरकार ने जिस नीयत से हिन्दी को पूरे भारत में थोपने की जो कोशिश की है, उसके मूल में हिन्दुत्व का प्रसार है। इसके पहले एक कोशिश संस्कृत के लिए भी की गई और अब भी कई प्रांतों में स्कूली छात्रों के लिए संस्कृत पढ़ना आवश्यक है। इसके बावजूद कि इस भाषा को पढ़ने का कोई लाभ व्यावहारिक जीवन में नहीं मिलता। यही स्थिति हिन्दी के मामले में भी है। इसकी वजह है हिन्दी की सर्वत्र स्वीकार्यता। मतलब यह कि अंग्रेजी के जरिए आज वैश्विक स्तर पर संवादों का अदान-प्रदान संभव है। बड़ी से बड़ी नौकरियां अंग्रेजी के कारण हासिल की जा सकती हैं। हिन्दी या क्षेत्रीय भाषाओं के अध्ययन से यह संभव नहीं है। भाषा के विवाद के मूल में जहां एक ओर हिन्दुत्व को थोपने की संघी मानसिकता तो है ही, दलित, पिछड़े और आदिवासियों को अंग्रेजी से दूर रख कर उन्हें शासन-प्रशासन से अलग रखने की मंशा भी सामने आती है। वजह यह कि सरकार की नीति कहती है कि हिन्दी सरकारी स्कूलों में अनिवार्य की जाए। जाहिर तौर पर गैर-हिन्दी छात्र हिन्दी पढ़ने को बाध्य किए जाएंगे तथा अंग्रेजी से दूर किए जाएंगे जबकि देश भर के प्राइवेट स्कूलों में पढ़ाई का माध्यम अंग्रेजी है। हालांकि केंद्र सरकार द्वारा संचालित स्कूलों मसलन, केंद्रीय विद्यालयों में पढ़ाई की भाषा अंग्रेजी है। जब यह व्यवस्था की गई थी तब तर्क था कि इन विद्यालयों में केंद्र सरकार के कर्मियों के बच्चे पढ़ेंगे जिनका स्थानांतरण अलग-अलग राज्यों में किया जाता है लेकिन बाद में यह प्राइवेट स्कूलों में भी आम चलन हो गया। आज स्थिति यह है कि सुविधा संपन्न लोग अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूलों में भेजना पसंद करते हैं। सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों में अधिक संख्या दलित, आदिवासी और पिछड़े वर्ग के बच्चों की होती है।

## तस्वीरों की दुनिया



अनंतनाग ज़िले में अमरनाथ यात्रा मार्ग पर सुरक्षाकर्मी तैनात हैं। जम्मू-कश्मीर के कई हिस्सों में भारी बारिश की चेतावनी के बाद गुरुवार को जम्मू से अमरनाथ यात्रा स्थगित कर दी गई।



ओडिशा में विपक्षी कांग्रेस और अन्य राजनीतिक दलों द्वारा आहूत 12 घंटे के बंद के दौरान टर्मिनल पर खड़ी बसें। बंद का आह्वान एक कॉलेज छात्रा की मौत के विरोध में किया गया है, जिसने कथित यौन उत्पीड़न की घटना में न्याय न मिलने पर खुद को आग लगा ली थी।




ओडिशा में एक कॉलेज छात्रा की मौत के विरोध में कई विपक्षी दलों द्वारा बुलाए गए बंद के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रेलवे स्टेशन पर विरोध प्रदर्शन किया।



ओडिशा में एक कॉलेज छात्रा की मौत के विरोध में कई विपक्षी दलों द्वारा बुलाए गए बंद के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सड़क जाम कर दिया। छात्रा ने एक प्रोफेसर द्वारा कथित यौन उत्पीड़न के बाद खुद को आग लगा ली थी।



विदेश मंत्री एस. जयशंकर नई दिल्ली में वेटिकन के राज्यों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के साथ संबंधों के सचिव आर्कबिशप पॉल रिचर्ड गैलाघर के साथ बैठक के दौरान।




पटना के पारस अस्पताल में इलाज करा रहे एक घायल कैदी को अज्ञात हमलावरों द्वारा गोली मारे जाने के बाद जांच करते पुलिसकर्मी।



रक्षा सचिव, राजेश कुमार सिंह ने साउथ ब्लॉक, नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में माउंट एवरेस्ट और माउंट किलिमंजारो के पर्वतारोहण अभियानों को औपचारिक रूप से हरी झंडी दिखाई।

# चंदन मिश्रा हत्याकांड में पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी, पांचों शूटरों की हुई पहचान



**पटना, 18 जुलाई [एजेंसी]।**

राजधानी पटना में बेखौफ अपराधियों ने गुरुवार की सुबह सवा सात बजे राजा बाजार स्थित पारस एमएमआरआई हॉस्पिटल के प्राइवेट वार्ड में भर्ती कैदी चंदन मिश्रा को बेड पर ही गोलियों से भून डाला। घटना को पांच शूटरों ने अंजाम दिया और सभी के हाथ में ऑटोमैटिक पिस्टल थे।दुस्साहसी ऐसे कि चेहरा भी नहीं ढका था, चार ने टोपी पहनी थी, एक लंबे बाल व दाढ़ी वाला शूटर सबसे आगे था, कुछ सेकंड में कमरा नंबर 209 में भर्ती कैदी को ताबड़तोड़ गोली मारकर आराम से भाग निकले। फायरिंग की आवाज सुनकर बगल के कमरे में भर्ती मरीज के तीमारदार बाहर निकले, परंतु शूटरों को टोकने का साहस नहीं कर सके। फायरिंग में कैदी के साथ अटेंडट के रूप में मौजूद दो अन्य की पीठ और पैर में गोली के बारूद के छींटे लगे हैं। पुलिस ने फुटेज में दिख रहे सभी शूटरों की पहचान कर ली है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, इनमें फुलवारीशरीफ के तौसीफ उर्फ बादशाह, मन्नू, सूरजभान और भिंडी उर्फ बलवंत सिंह बताए जा रहे हैं। यह भी पता चला है कि बादशाह का एक दोस्त दुर्घटना में गंभीर जख्मी होने के बाद पारस में ही भर्ती है। पुलिस का दावा है कि वारदात को अंजाम देने के बाद शूटर बक्सर की तरफ भागे। सभी शूटर पटना और बक्सर के हैं। सीसीटीवी फुटेज में दिख पांच शूटरों में एक का नाम तौसीफ उर्फ बादशाह बताया जा रहा है, जिसका चेहरा मैच कर रहा है।

वह फुलवारीशरीफ का निवासी हैं, जो हाल के दिनों में पटना सिटी में भी ठिकाना बनाए हुए था। पुलिस की एक टीम उसकी तलाश में फुलवारीशरीफ के खललिपुरा, गुलिस्तान मोहल्ला और पारस अस्पताल के समनपुरा में छापामारी किया, जबकि तीन शूटर बक्सर के बताए जा रहे हैं। पुलिस की दो टीमें बक्सर की तरफ शूटरों पीछा कर रही है। इसके साथ ही पटना सिटी में भी दबिश दे रही हैं। एसआईटी इसमें कुछ शूटरों के कुछ करीबियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस ने यह भी दावा किया है कि चंदन जब भागलपुर जेल में था तब सहयोगी शेरू से मारपीट भी हुई थी। पुलिस भी प्रारंभिक जांच में यह मान रही है कि आपसी गैंगवार में ही उक्त घटना को अंजाम दिया गया। पुलिस सूत्रों की मानें तो इसमें फुलवारी शरीफ का कुख्यात तौसीफ उर्फ बादशाह के साथ ही मन्नू, सूरजभान और भिंडी उर्फ बलवंत सिंह नाम सामने आ रहे हैं। जबकि एक अन्य नाम के दो शूटर हैं, जिनका सत्यापन करने पुलिस उनके घर से लेकर रिश्तेदारों के यहां पहुंच रही है।घटना को अंजाम देने के लिए दो गैंग का हाथ मिलाने और लोकल शूटर को इसमें शामिल करने की आशंका जताई जा रही है। फुटेज में शूटरों में जो सबसे आगे सफेद शर्ट और दाढ़ी में नजर आ रहा है, उसका चेहरा पूरी बादशाह से मिल रहा है। पुलिस उसके नंबर का आखिरी लोकेशन निकालने के साथ ही उसके करीबियों से पूछताछ कर हाल के दिनों में वह किस गिरोह के संपर्क में था, इसके बारे में जानकारी जुटा चुकी है। संदेह के आधार पर पुलिस उसके घर से लेकर ठिकानों पर दबिश दे रही है। इसमें भिंडी उर्फ बलवंत सिंह बक्सर का बताया जा रहा है। पुलिस पांचों शूटरों के करीब पहुंच चुकी है, जिनकी कभी भी गिरफ्तारी हो सकती है। बादशाह पटना के नामचीन स्कूल पढ़ा है।

# अमेरिका की पोल खुली... हमले में ईरान का सिर्फ एक फोर्डो परमाणु संयंत्र हुआ था नष्ट



**वाशिंगटन।** जून में अमेरिका ने ईरान के जिन तीन परमाणु संयंत्रों पर हमला किया था उनमें से केवल फोर्डो परमाणु संयंत्र ही बर्बाद हुआ। अमेरिकी विमानों ने उस पर बंकर बस्टर बम गिराए थे। इसके अतिरिक्त नातांज और इस्फहान के परमाणु संयंत्रों पर भी अमेरिका ने हमला किया था लेकिन उन्हें ज्यादा नुकसान नहीं हुआ है। ईरान चाहेगा तो वहां पर कुछ महीने बाद यूरेनियम शोधन की प्रक्रिया शुरू की जा सकेगी। यह जानकारी अमेरिकी न्यूज चैनल एनबीसी ने कुछ वर्तमान और पूर्व अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से कही है। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय ने भी अपनी गोपनीय रिपोर्ट में ऐसी ही बात कही थी जिसे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने खारिज कर दिया था। इजरायल ने 13 जून को जिस तरह से ईरान पर लक्षित हमला किया और ईरान के भीतर से ही ड्रोन हमले कर ईरानी एयर डिफेंस सिस्टम को नुकसान पहुंचाया, उससे माना गया कि ईरान के भीतर से ही इजरायली खुफिया संगठन मोसाद को सूचना दी गई और मदद की गई। बाद में मोसाद ने भी कहा कि उसके ईरान में मौजूद एजेंटों ने इजरायली सेना के हवाई हमलों को सफल बनाने में बहुत मदद की।फोर्डो एक संयत्र है, जहां परमाणु ईंधन को शुद्ध किया जा सकता है। फोर्डो जमीन के नीचे काफी गहराई में स्थित है और नातांज की तुलना में वहां पहुंचना कहीं ज्यादा कठिन है। फोर्डो को मूल रूप से इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के लिए एक सैन्य सुविधा के रूप में बनाया गया था ।

यह उत्तर-पश्चिमी ईरान के कोम शहर से 30 किमी (18.5 मील) उत्तर-पूर्व में स्थित है, और कथित तौर पर एक पहाड़ के सैकड़ों मीटर अंदर स्थित है। ईरान ने 21 सितम्बर 2009 को वैश्विक परमाणु निगरानी संस्था, अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) को एक पत्र लिखकर अपने परमाणु स्थल में परिवर्तन का खुलासा किया, क्योंकि उसे पता चला था कि पश्चिमी खुफिया एजेंसियों को इसके बारे में पहले से ही पता था। कुछ दिनों बाद, अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम और फ्रांस ने सार्वजनिक रूप से पुष्टि की कि उन्हें फोर्डो में एक गुप्त ईंधन संवर्धन संयंत्र के बारे में पता था।

## बेंगलुरु भगदड़... कर्नाटक सरकार हाई कोर्ट में बोली- पुलिस अधिकारियों ने आरसीबी के नौकरों की तरह काम किया

**बेंगलुरु।** कर्नाटक सरकार ने आईपीएस अधिकारी विकास कुमार के निलंबन को हाई कोर्ट में उचित ठहराते हुए बृहस्पतिवार को दलील दी कि पुलिस अधिकारी और उनके सहकर्मियों ने आईपीएल जीत के जश्न की तैयारियों के दौरान आरसीबी के नौकरों की तरह काम किया। चार जून को इस जश्न के दौरान मची भगदड़ में 11 लोगों की जान चली गई थी और 33 अन्य घायल हुए थे। राज्य सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ वकील पीएस राजगोपाल ने अदालत को बताया कि आईपीएल का फाइनल मैच खेले जाने से पहले ही रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने अपनी जीत की सूरत में पुलिस अधिकारियों को एक प्रस्ताव सौंपा था। इतनी बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी वाले आयोजन के लिए अधिकारियों ने अपने वरिष्ठों से अनुमति या परामर्श किए बिना ही अपने स्तर पर सुरक्षा इंतजाम शुरू कर दिए। राजगोपाल ने कहा- आईपीएस अधिकारी की ओर से सबसे स्पष्ट प्रतिक्रिया तो यह होनी चाहिए थी- आपने अनुमति नहीं ली है।

# फिर उठी भील प्रदेश की मांग... राजस्थान से आदिवासियों की हुंकार, बोले- अब नहीं डरेंगे



**उदयपुर, 18 जुलाई [एजेंसी]।**

राजस्थान के बांसवाड़ा स्थित मानगढ़ धाम में एक बार फिर भील प्रदेश की मांग गूंज उठी। आयोजित भील आदिवासी सम्मेलन (भील प्रदेश संदेश यात्रा) में राजस्थान, मध्यप्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र के आदिवासी प्रतिनिधि पहुंचे और एक स्वर में भील प्रदेश के गठन की मांग दोहराई। सम्मेलन का आयोजन भील प्रदेश मुक्ति मोर्चा और आदिवासी परिवार संस्था की ओर से किया गया। संस्था के संस्थापक मास्टर भंवरलाल परमार ने कहा कि आदिवासी भारत के मूल मालिक हैं। 70 साल में भी हमारी मांगें पूरी नहीं हुईं। अब आदिवासी डरना छोड़ चुके हैं और भील प्रदेश के लिए संघर्ष तेज होगा। उन्होंने कहा कि राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश के 45 जिलों को मिलाकर भील प्रदेश बनना चाहिए। परमार ने बताया कि कई आदिवासी क्षेत्रों में सरकारी सुविधाएं नहीं पहुंच रही हैं। गुजरात के खानपुर क्षेत्र में आदिवासियों को अब एसटी प्रमाण पत्र नहीं मिल रहा, जबकि 2004-2006 तक ये जारी किए जाते थे। परमार ने कहा कि इतिहास गवाह है कि भील राजा रहे हैं। डूंगरपुर में 1282 में डूंगर भील राजा थे, जबकि बांसवाड़ा में 16वीं सदी में बांसिया भील शासन करते थे। सलूंबर में 12वीं सदी में सोनारा भील राजा थे। हमारे पूर्वज राजा-महाराजा और महिलाएं रानियां थीं। आज उनके वंशज फुटपाथ पर जीवन बिता रहे हैं। उन्होंने बताया कि सरकारों ने कभी आदिवासियों से संवाद करने की पहल नहीं की। संविधान की पांचवीं अनुसूची आदिवासियों के सम्मान और अधिकारों की बात करती है, लेकिन अब तक इसे नजरअंदाज किया गया।उन्होंने सुझाव दिया कि हर जिले का कलेक्टर, एसपी, एसडीएम और अन्य अधिकारी महीने में एक बार आदिवासी संगठनों से संवाद करें और उनकी मांगें जानें।

सम्मेलन में यह भी कहा गया कि यदि आदिवासियों को उनके क्षेत्रों में पानी, रोजगार और मूलभूत सुविधाएं दी जाती तो उन्हें शहरों की ओर पलायन नहीं करना पड़ता।आदिवासी संगठनों ने स्पष्ट किया कि जब तक भील प्रदेश की मांग पूरी नहीं होती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। उनका कहना है कि ये आंदोलन आदिवासियों की अस्मिता, अधिकार और इतिहास की पुनर्प्राप्ति के लिए है। बांसवाड़ा-डूंगरपुर से बीएपी सांसद राजकुमार रोत ने 15 जुलाई को सोशल मीडिया पर भील प्रदेश का नक्शा जारी कर लोगों से सम्मेलन में शामिल होने की अपील की थी। इस पर भाजपा नेता राजेंद्र राठौड़ ने प्रतिक्रिया देते हुए इसे प्रदेशद्रोह करार दिया और इसे एक राजनीतिक स्टंट बताया।

## बलूचिस्तान में पाक सेना के दमन पर एमनेस्टी इंटरनेशनल की रिपोर्ट, बलूच नेताओं की तत्काल और बिना शर्त रिहाई की मांग



**क्वेटा, 18 जुलाई [एजेंसी]।**

एमनेस्टी इंटरनेशनल ने एक रिपोर्ट जारी कर बलूच यकजेहती समिति (बीवाईसी) के हिरासत में लिए गए नेताओं की तत्काल और बिना शर्त रिहाई की मांग की है। एमनेस्टी ने इन नेताओं की गिरफ्तारी को बलूचिस्तान में राज्य की ओर से जारी दमन का एक प्रमुख उदाहरण बताया। साथ ही कहा कि यह हिरासत बलूचिस्तान प्रांत में शांतिपूर्ण प्रदर्शनों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार के खिलाफ व्यापक दमन का हिस्सा है, जो आतंकवाद विरोधी कानूनों के दुरुपयोग से हासिल किया गया है। महरंग बलूच, बेबर्ग जेहरी, बीबो बलूच, शाह जी सिबगात उल्लाह, और गुलजादी बलूच जैसे कार्यकर्ताओं को प्रताड़ित किया गया है। उन्हें अन्यायपूर्ण तरीके से हिरासत में रखा जा रहा है, जो अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय दोनों कानूनों का उल्लंघन है। उनकी सुरक्षा और कल्याण को लेकर गंभीर चिंताएं हैं, क्योंकि उन्हें आवश्यक चिकित्सा देखभाल से वंचित रखा जा रहा है और गैरकानूनी हिरासत के दौरान उन्हें यातना का सामना करना पड़ रहा है। इस बीच, मानवाधिकार संस्था बलूच यकजेहती कमेटी की सदस्य सम्मी दीन बलूच के अनुसार, पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने बिना किसी कानूनी आधार के एक बलूच कार्यकर्ता के घर पर अवैध छापेमारी की। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी अधिकारी बुधवार शाम बलूचिस्तान स्थित बीवाईसी कार्यकर्ता साहिबा बलूच के घर में जबरन घुस गए। साहिबा के पिता भी पाकिस्तानी सेना के हाथों क्षेत्र में जबरन गायब किये जाने के शिकार हैं।

# मंडला जिले में महिला की कुल्हाड़ी मारकर की हत्या, जिसने देखा उसको भी मौत के घाट उतारा, इलाके में फैली सनसनी

**मंडला।** मध्य प्रदेश के मंडला जिले में गुरुवार को एक दिल दहला देने वाली घटना हुई है। आपसी विवाद के चलते नशे में आरोपित ने पहले कुल्हाड़ी मारकर महिला की हत्या कर दी फिर इस वारदात को देखने वाले का पीछा कर उसे भी मार डाला।

पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, घुघरी थाना क्षेत्र के ग्राम घुरगुटी में गुरुवार सुबह करीब 11 बजे आरोपित 45 वर्षीय महेश मरावी का पड़ोस में रहने वाले रामलाल की पत्नी 45 वर्षीय हरिओम बाई से विवाद हो गया।

विवाद की वजह सामने नहीं आई है।आरोपित शराब के नशे में था और गुस्से में आकर उसने कुल्हाड़ी से महिला की हत्या कर दी। इस घटना को वहां पर मौजूद 30 वर्षीय राजकुमार उइके ने देख लिया। आरोपित राजकुमार को भी मारने दौड़ा तो वह भागने लगा। आरोपित महेश ने पीछा कर राजकुमार पर भी कुल्हाड़ी से वार किया, जिससे उसकी भी मौत हो गई।

पुलिस ने मौके से आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। बिछिया के एसडीओपी सौरभ तिवारी ने बताया कि आरोपित पुलिस की गिरफ्त में है। वह नशे में था, जिस कारण अभी शुरुआती पूछताछ नहीं हो पाई है। घटना का कारण अभी सामने नहीं आया है।

# ट्रंप प्रशासन की मनमानी पर भारत ने ईंट का जवाब पत्थर से दिया, रूस-चीन के साथ मिलकर बनाया नया फ्रंट

**नईदिल्ली, 18 जुलाई [एजेंसी]।**



रणनीतिक साझीदार होने के बावजूद जिस तरह से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनकी सरकार के कुछ सहयोगी भारत के साथ संबंधों पर टिप्पणी कर रहे हैं, उनका भारत ने बहुत ही करीने से कूटनीतिक जवाब दिया है। भारत ने संकेत दिया है कि बहुत लंबे समय से स्थगित चीन और रूस के साथ त्रिपक्षीय सहयोग वार्ता फिर से शुरू की जा सकती है। यह संकेत गुरुवार को भारतीय विदेश मंत्रालय की तरफ दिया गया है। वह भी तब, जब दो दिन पहले विदेश मंत्री जयशंकर चीन में वहां के विदेश मंत्री, उपराष्ट्रपति, सीपीसी के वरिष्ठ अधिकारी और राष्ट्रपति से अलग-अलग मुलाकात कर चुके हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने रूस, भारत और चीन (आरआईसी) के बीच त्रिपक्षीय वार्ता की संभावना के बारे में बताया कि यह व्यवस्था तीनों देशों के बीच आपसी सामंजस्य बढ़ाने, क्षेत्रीय व वैश्विक मुद्दों पर बात करने के लिए है। आगे की बैठक को लेकर तीनों देश आपस में विमर्श कर फैसला करेंगे। जायसवाल के इस बयान के कुछ ही समय बाद चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि तीनों देशों के बीच सहयोग न सिर्फ इन तीनों देशों को मदद करेगा, बल्कि क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर शांति, सहयोग, स्थिरता व विकास को बढ़ावा देगा। चीन, भारत और रूस के साथ आरआईसी सहयोग पर बात करने को तैयार है। सनद रहे कि कुछ हफ्ते पहले रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा था कि उनका देश चीन और भारत के साथ त्रिपक्षीय वार्ता फिर शुरू करने पर गंभीर है।इन तीनों देशों ने पिछली सदी के आखिरी दशक में सोवियत संघ के विघटन के बाद आपसी सहयोग बढ़ाकर दुनिया को बहुध्रुवीय बनाने के बारे में सोचा था। इस व्यवस्था के तहत तीनों देशों के विदेश मंत्रियों की अंतिम बैठक वर्ष 2021 में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये हुई थी। लेकिन चीन के साथ तनावपूर्ण संबंधों की वजह से हाल के वर्षों में भारत इसको तवज्जो नहीं दे रहा था। आरआईसी को फिर से आगे बढ़ाने का नया संकेत भारत ने नाटो प्रमुख की तरफ से एक दिन पहले ब्रिक्स के अन्य देशों के साथ भारत को चेतावनी देने के बाद दिया है।नाटो प्रमुख ने कहा था कि ब्रिक्स देशों को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को शांति वार्ता के लिए तैयार करना चाहिए। ऐसा नहीं होता है तो दिल्ली, बीजिंग और ब्राजील को खामियाजा भुगतना पड़ सकता है।

# मेटा ने कन्नड भाषा के गलत ट्रांसलेशन के लिए मांगी माफी, सीएम सिद्दरमैया ने बताया था खतरनाक

**नईदिल्ली, 18 जुलाई [एजेंसी]।**



कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरमैया ने मेटा के प्लेटफॉर्म्स जैसे फेसबुक और इंस्टाग्राम पर कन्नड़ से अंग्रेजी में होने वाले गलत ऑटो-अनुवाद को खतरनाक बताया है।उन्होंने कहा कि यह गलतियां तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश करती हैं और लोगों को गुमराह करती हैं। मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार केवी प्रभाकर ने मेटा के मालिक मार्क जकरबर्ग को पत्र लिखकर तुरंत सुधार करने को कहा है।मेटा के एक प्रवक्ता ने माना कि कन्नड़ अनुवाद में कुछ समय के लिए गड़बड़ी हुई थी, जिसे अब ठीक कर लिया गया है। उन्होंने इसके लिए माफी भी मांगी। इसके साथ ही प्रभाकर ने मेटा से कन्नड़ सामग्री के लिए ऑटो-अनुवाद सुविधा को तब तक बंद करने की मांग की है, जब तक इसकी सटीकता में भरोसा न आए। सिद्दरमैया ने कहा कि गलत अनुवाद से सरकारी संदेशों और बयानों का गलत मतलब निकल रहा है, जो खासकर आधिकारिक संवाद के लिए बहुत नुकसानदायक है। उन्होंने सोशल मीडिया कंपनियों से जिम्मेदारी से काम करने की अपील की और लोगों को सलाह दी कि वे अनुवादित सामग्री पर भरोसा करने से पहले सावधानी बरतें।उन्होंने चेतावनी दी कि टेक कंपनियों की ऐसी लापरवाही से जनता का भरोसा और समझदारी कमजोर हो सकती है। मुख्यमंत्री ने खास तौर पर इस बात पर जोर दिया कि सही जानकारी पहुंचाना कितना जरूरी है, खासकर जब बात सरकार और जनता के बीच संवाद की हो।16 जुलाई को मेटा को लिखे पत्र में प्रभाकर ने कहा कि कन्नड़ से अंग्रेजी में अनुवाद कई बार पूरी तरह गलत और भ्रामक हो रहा है। इससे सरकारी बयान और मुख्यमंत्री के संदेशों का गलत अर्थ निकल रहा है, जो लोग बिना जांचे पढ़ लेते हैं। उन्होंने मेटा से कन्नड़ भाषा के विशेषज्ञों और भाषाविदों के साथ मिलकर अनुवाद की गुणवत्ता और सटीकता को बेहतर करने की मांग की। प्रभाकर ने कहा कि एक संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति के संदेशों में ऐसी गलतियां बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जा सकतीं। मेटा के प्रवक्ता ने बताया कि उनकी मशीन अनुवाद तकनीक में गड़बड़ी के कारण यह समस्या आई थी। फेसबुक और इंस्टाग्राम पर कई बार यूजर्स को मशीन द्वारा अनुवादित सामग्री दिखाई जाती है, जैसे सार्वजनिक जानकारी या पोस्ट।

इस बार उनकी एआई तकनीक ने गलत अनुवाद किया, जिसे अब ठीक कर लिया गया है।मेटा ने कहा कि वे सालों से अनुवाद सुविधा दे रहे हैं और लगातार लोगों की राय लेकर अपनी तकनीक को बेहतर कर रहे हैं। प्रवक्ता ने भरोसा दिलाया कि वे मशीन अनुवाद को और सटीक बनाने के लिए काम कर रहे हैं ताकि भविष्य में ऐसी गलतियां न हों।

## टीएमसी की शहीद दिवस रैली पर विवाद, कलकत्ता हाईकोर्ट पहुंचा मामला, कमिश्नर को हलफनामा दाखिल करने का निर्देश



**कोलकाता, 18 जुलाई [एजेंसी]।**

कलकत्ता हाई कोर्ट ने मौखिक रूप से टिप्पणी की है कि वह कोलकाता में हर वर्ष 21 जुलाई को बंगाल में सत्तारूढ़ दल तृणमूल कांग्रेस द्वारा आयोजित की जाने वाली शहीद दिवस रैली पर कुछ शर्तें लगाने पर विचार करेगा। न्यायमूर्ति तीर्थंकर घोष ने अधिवक्ताओं के एक संगठन द्वारा दायर याचिका पर यह बात कही। संगठन ने कहा है कि शहीद दिवस रैली से यातायात में व्यापक व्यवधान पड़ता है। अधिवक्ताओं के अदालत आने-जाने में बाधा उत्पन्न होती है। राज्य के महाधिवक्ता किशोर दत्ता ने दलील पेश करते हुए कहा कि किसी भी विरोध-प्रदर्शन में इस तरह की बाधाएं सामान्य बात है। इसे कम करने के लिए कदम उठाए जाएंगे। न्यायमूर्ति ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद महाधिवक्ता से प्रश्न किया- रास्ता बंद करके कितने दिन रैली होगी। क्या आप (राज्य) कह सकते हैं कि आगामी रैली से कोई व्यवधान उत्पन्न नहीं होगा। पुलिस आयुक्त हलफनामा दाखिल करके बताए कि यातायात बाधित नहीं होगा। इसके बाद न्यायमूर्ति ने आगे कहा- अंतिम समय में रैली का स्थल नहीं बदलूंगा, लेकिन मैं कुछ शर्तें लगाऊंगा। उन्होंने अगले साल से ब्रिगेड परेड ग्राउंड, शहीद मिनार ग्राउंड अथवा किसी अन्य जगह रैली के आयोजन पर विचार करने का भी परामर्श दिया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अंतिम आदेश सुनाने से पहले हाई कोर्ट इस मामले में राज्य सरकार के पक्ष को एक बार और सुनेगा।

## पंजाब में भिखारियों की धरपकड़ तेज, छह महिलाएं और 17 बच्चे पकड़े गए, अमृतसर में बढ़ रहे भिखारी

**अमृतसर 18 जुलाई।** पंजाब सरकार द्वारा भीख मांग रहे बच्चों के संदिग्ध मामलों की जांच के लिए डीएनए टेस्ट कराने की घोषणा के बाद पुलिस ने भिखारियों की धरपकड़ तेज कर दी है। पुलिस ने गुरुवार को गोल्डन क्षेत्र में भीख मांग रहे पांच बच्चों और छह महिलाओं को हिरासत में लिया। वहीं, मोहाली में चाइल्ड वेलफेयर आफिसर नवप्रीत कौर की अगुआई में पुलिस टीम ने भीख मांग रहे 12 बच्चों को हिरासत में लिया है। बच्चों और महिलाओं को बाल सुधार गृह में रखा गया है।अधिकारियों के मुताबिक, इन बच्चों के माता-पिता का दावा करने वालों से सुबूत मांगे गए हैं। यदि माता-पिता कोई सुबूत नहीं दे पाते हैं, तो बच्चों का डीएनए टेस्ट करवाया जाएगा।अमृतसर में बाल भिक्षुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। यहां के पाश क्षेत्रों में कई महिलाएं ऐसी हैं जिनकी गोद में बच्चे हैं, जो किसी भी तरह से उनके नहीं लगते।

## चुनाव आयोग पर जमकर बरसी कांग्रेस, कहा- एसआईआर बड़े पैमाने पर मतदाताओं को वोट से वंचित करने की साजिश

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने गुरुवार को आरोप लगाया कि बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कदम सुनियोजित और अन्यायपूर्ण है और इसका उद्देश्य चुनावों में बड़े पैमाने पर मतदाताओं को वोट से वंचित करना है। यही नहीं, राहुल गांधी ने कहा कि चुनाव आयोग पूरी तरह से भाजपा की चुनाव चोरी शाखा बन गया है। उन्होंने दावा किया कि चुनाव आयोग बिहार में मतदाता सूची के एसआईआर के नाम पर वोट चुराते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया है। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने एसआईआर को लेकर एक यूट्यूबर के खिलाफ एफआईआर दर्ज किए जाने पर कहा कि जो इसे उजागर करेगा, उस पर केस दर्ज किया जाएगा।राहुल ने एक्स पर पोस्ट कर पूछा -क्या चुनाव आयोग अब भी चुनाव आयोग है या पूरी तरह से भाजपा की चुनाव चोरी शाखा बन गया है। यूट्यूबर पर बेगूसराय के स्थानीय प्रशासन ने जिले में सांप्रदायिक तनाव फैलाने का आरोप लगाया गया है। उधर, कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि बिहार में एसआईआर के नाम पर हो रही गतिविधियों को देखकर लोग पूछ रहे हैं कि क्या राज्य में वोटबंदी लागू की जा रही है।

# पृथ्वी पर मंगल ग्रह का सबसे बड़ा टुकड़ा 53 लाख डॉलर में बिका, उल्कापिंड की नीलामी का एक नया रिकॉर्ड बना

**न्यूयॉर्क, 18 जुलाई [एजेंसी]।**



न्यूयॉर्क में दुर्लभ भूवैज्ञानिक और पुरातात्विक वस्तुओं की एक नीलामी में पृथ्वी पर अब तक पाया गया मंगल ग्रह का सबसे बड़ा टुकड़ा 53 लाख डॉलर में बिक गया। उल्कापिंड की नीलामी का यह एक नया रिकार्ड बनाया है। एनडब्ल्यूए 16788 नामक इस पत्थर की नीलामी में ऑनलाइन और फोन बोलीदाताओं के बीच 15 मिनट तक बोली लगाने की होड़ मची रही। 54 पाउंड (24.5 किलोग्राम) के इस पत्थर की खोज नवंबर 2023 में नाइजर के सहारा रेगिस्तान में एक उल्कापिंड खोजने वाले ने की थी। यह चट्टान एक विशाल क्षुद्रग्रह के हमले से मंगल की सतह से छिटककर 14 करोड़ मील (22.5 करोड़ किलोमीटर) की दूरी तय करके पृथ्वी पर आई थी। नीलामी से पहले इसकी अनुमानित बिक्री कीमत 20 लाख डॉलर से 40 लाख डॉलर के बीच थी।

नीलामी से पहले सोथबी की उपाध्यक्ष और विज्ञान एवं प्राकृतिक इतिहास की वैश्विक प्रमुख कैसंड्रा हैटन ने कहा कि यह एक अद्भुत उल्कापिंड है, जो मंगल ग्रह की सतह से टूटकर गिरा है। उन्होंने कहा कि लगभग 50 लाख साल पहले एक क्षुद्रग्रह या धूमकेतु मंगल ग्रह से इतनी जोर से टकराया कि चट्टानें और अन्य मलबा अंतरिक्ष में उड़ गए थे। सोथबी के अनुसार, लाल, भूरा और स्लेटी रंग का यह उल्कापिंड पृथ्वी पर पाए जाने वाले मंगल ग्रह के सबसे बड़े टुकड़े से लगभग 70 प्रतिशत बड़ा है।

# ब्लैकहेड्स से छुटकारा चाहते हैं? ये 5 देसी उपाय आजमाएं

ब्लैकहेड्स एक आम समस्या है, जो किसी भी उम्र के व्यक्ति को प्रभावित कर सकती है। ये छोटे-छोटे काले दाने त्वचा पर दिखाई देते हैं और अक्सर चेहरे की खूबसूरती को बिगाड़ देते हैं। इनसे छुटकारा पाने के लिए कई देसी उपाय हैं, जो न केवल असरदार हैं बल्कि आसान भी हैं। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे देसी उपाय बताएंगे, जिनसे आप ब्लैकहेड्स से छुटकारा पा सकते हैं और अपनी त्वचा को स्वस्थ रख सकते हैं।



भाप लेना

भाप लेना एक सरल और असरदार तरीका है, जिससे आप अपनी त्वचा के छिद्रों को खोल सकते हैं। इसके लिए एक बर्तन में पानी उबालें और उसमें थोड़ा सा नमक मिलाएं। अब अपने चेहरे को तौलिये से ढककर भाप लें। इससे ब्लैकहेड्स नरम हो जाएंगे और उन्हें निकालना आसान हो जाएगा। भाप लेने से त्वचा की गहराई तक सफाई होती है और त्वचा तरोताजा महसूस करती है।

शहद और नींबू का मिश्रण

शहद और नींबू का मिश्रण ब्लैकहेड्स हटाने में मदद कर सकता है। इसके लिए एक चम्मच शहद में कुछ बूंदें नींबू का रस मिलाएं और इसे अपने चेहरे पर लगाएं। 15-20 मिनट बाद चेहरे को गुनगुने पानी से धो लें। शहद त्वचा को नमी देता है जबकि नींबू त्वचा की सफाई करता है। इस मिश्रण का नियमित उपयोग करने से आपकी त्वचा साफ और चमकदार बनी रहती है।

दालचीनी और शहद का फेस मास्क

दालचीनी और शहद का फेस मास्क ब्लैकहेड्स हटाने में मदद कर सकता है। इसके लिए दो चम्मच दालचीनी पाउडर में एक चम्मच शहद मिलाकर पेस्ट बनाएं और इसे अपने चेहरे पर लगाएं। 10-15 मिनट बाद चेहरे को ठंडे पानी से धो लें। दालचीनी त्वचा की गहराई तक सफाई करती है और शहद नमी प्रदान करता है।

इस मिश्रण का नियमित उपयोग करने से आपकी त्वचा साफ और स्वस्थ बनी रहती है, जिससे ब्लैकहेड्स हटाने में मदद मिलती है।

एलोवेरा जेल और टी ट्री ऑयल का मिश्रण

एलोवेरा जेल और टी ट्री ऑयल का मिश्रण भी ब्लैकहेड्स हटाने में कारगर हो सकता है। इसके लिए एक चम्मच एलोवेरा जेल में कुछ बूंदें टी ट्री ऑयल मिलाएं और इसे प्रभावित क्षेत्र पर लगाएं। रातभर छोड़कर सुबह चेहरे को धो लें।

एलोवेरा जेल त्वचा को ठंडक पहुंचाता है और नमी देता है, जबकि टी ट्री ऑयल जीवाणु रोधी गुणों से भरपूर होता है, जो ब्लैकहेड्स को कम करने में मदद करता है।

मुल्तानी मिट्टी और गुलाब जल का फेस पैक

मुल्तानी मिट्टी और गुलाब जल का फेस पैक ब्लैकहेड्स हटाने में मदद कर सकता है। इसके लिए मुल्तानी मिट्टी पाउडर में गुलाब जल मिलाकर पेस्ट बनाएं और इसे पूरे चेहरे पर लगाएं, फिर सूखने पर ठंडे पानी से धो लें। मुल्तानी मिट्टी त्वचा की गहराई तक सफाई करती है और गुलाब जल ताजगी प्रदान करता है।

इन देसी उपायों का नियमित उपयोग करके आप आसानी से ब्लैकहेड्स से छुटकारा पा सकते हैं।



## धड़क 2 में सिद्धांत चतुर्वेदी का अभिनय देख भावुक हुईं तृप्ति डिमरी, की जमकर तारीफ

अभिनेत्री तृप्ति डिमरी इन दिनों धड़क 2 को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में वह सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ नजर आएंगी। एक्ट्रेस ने कहा कि सिद्धांत ने फिल्म में जो अभिनय किया है, उसे देख वह भावुक हो गईं।

तृप्ति डिमरी ने सिद्धांत चतुर्वेदी की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि सिद्धांत ने फिल्म में बहुत अच्छे से अपनी भावनाओं को दिखाया है, जिसे देख वह खुद भी भावुक हो गईं। उनका अभिनय बहुत गहरा और शानदार है। वह बहुत ही मेहनती और ईमानदार अभिनेता हैं।

तृप्ति डिमरी ने कहा, सच कहूं, तो फिल्म में सिद्धांत के साथ काम करना काफी अच्छा अनुभव था। वह बहुत ही मेहनती और ईमानदार अभिनेता हैं। उन्होंने दिलोजान से अपना किरदार निभाया है। जब मैंने पहली बार फिल्म देखी, तो मैंने तुरंत उन्हें फोन किया और कहा, यह तुम्हारे करियर का अब तक का सबसे बेहतरीन अभिनय है। मैं सच में उम्मीद करती हूं कि दर्शक भी इसे महसूस करेंगे। उन्होंने निलेश के किरदार को गहराई और सच्चाई के साथ उतारा है।



## मैं अपनी खुद की पोज पार्टी करती हूं, अनन्या पांडे ने बिकिनी में शेयर किया शानदार वीडियो

इन दिनों अनन्या पांडे अपनी आगामी फिल्म तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी फिल्म को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। इसी बीच उन्होंने अपना एक लेटेस्ट बिकिनी में वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर कर खलबली मचा दी है।

अनन्या ने इंस्टाग्राम पर टू-पीस बिकीनी में कई शानदार पोज का एक वीडियो शेयर किया। अनन्या ने अपने इस शानदार वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा, मैं अपनी खुद की पोज पार्टी कर रही हूं, जबकि बैकग्राउंड में असली पार्टी चल रही है, ओह।

अनन्या के इन लाजवाब वीडियो पर कई सेलेब्स और फैंस ने जमकर कमेंट कर अपनी राय पेश की है। अनन्या के दोस्त ओरी ने लिखा, फिर से-आप किस हद तक जा सकती हैं....।, अनन्या की मां भावना पांडे ने लाल दिल वाले इमोजी और फायर इमोजी बनाए। वहीं अनन्या के एक फैन ने लिखा, आप सुंदर लग रही हो, एक और फैन ने लिखा, अप्सरा, एक और फैन ने लिखा, मनमोहक। तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी अनन्या संग कार्तिक आर्यन नजर आएंगे। कथित तौर पर फिल्म की शूटिंग इसी साल मई महीने से शुरू हो गई थी और लगातार फिल्म की कास्ट शूटिंग में लगी हुई है। अनन्या और कार्तिक की फिल्म तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी में जैकी श्रॉफ भी नजर आएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार यह फिल्म अगले साल 13 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है। पति पत्नी और वो के बाद अनन्या और कार्तिक की दोबारा जोड़ी देखने के लिए उनके चाहने वाले बेकरार हैं।

# रेजिस्टेंस बैंड स्क्वाट्स को सही तरीके से करने के लिए अपनाएं ये तरीके

रेजिस्टेंस बैंड स्क्वाट्स एक बेहतरीन एक्सरसाइज है, जो न केवल आपके पैरों को मजबूत बनाती है, बल्कि पूरे शरीर को भी आकार में लाती है। इसे सही तरीके से करने के लिए कुछ अहम बातों का ध्यान रखना जरूरी है। इस लेख में हम आपको रेजिस्टेंस बैंड स्क्वाट्स करने के लिए जरूरी टिप्स देंगे, जिससे आप इस एक्सरसाइज को बेहतर तरीके से कर सकें और इसका पूरा लाभ उठा सकें। आइए जानते हैं कि रेजिस्टेंस बैंड स्क्वाट्स कैसे करें।

रेजिस्टेंस बैंड का चयन करें

सबसे पहले सही रेजिस्टेंस बैंड का चयन करना जरूरी है। बाजार में अलग-अलग मोटाई और ताकत के रेजिस्टेंस बैंड मिलते हैं। अगर आप नए हैं तो हल्के बैंड से शुरू करें ताकि आपको ज्यादा मुश्किल न हो। जैसे-जैसे आपकी ताकत बढ़ेगी, आप मोटे और मजबूत बैंड का उपयोग कर सकते हैं। सही बैंड चुनने से आपकी एक्सरसाइज अधिक प्रभावी होगी और आप बेहतर परिणाम पा सकेंगे।

सही स्थिति अपनाएं

रेजिस्टेंस बैंड स्क्वाट्स करते समय सही स्थिति अपनाना बहुत जरूरी है। सबसे पहले अपने पैरों को कंधे की चौड़ाई पर फैलाएं और रेजिस्टेंस बैंड को दोनों हाथों से पकड़े रखें। ध्यान रखें कि आपके घुटने अंदर की ओर न झुकें, बल्कि सीधे रहें। इससे आपकी पीठ सीधी रहेगी और चोट लगने का खतरा कम होगा। सही स्थिति अपनाने से आपकी एक्सरसाइज अधिक प्रभावी होगी और आप बेहतर परिणाम पा सकेंगे, जिससे आपके पैर मजबूत और आकार में होंगे।

धीरे-धीरे नीचे झुकें

नीचे झुकते समय अपने कूल्हों को पीछे की ओर फैलाएं और घुटनों को मोड़ें। यह प्रक्रिया धीरे-धीरे करें ताकि आपके पैरों और पीठ पर अधिक दबाव न पड़े। नीचे झुकते समय सांस अंदर लें और ऊपर आते समय सांस बाहर छोड़ें। इस तरह से आप अपनी एक्सरसाइज को सही तरीके से पूरा कर सकेंगे। ध्यान रखें कि नीचे झुकते समय आपकी पीठ सीधी रहे और घुटने अंदर की ओर न झुकें, जिससे चोट लगने का खतरा कम होगा।

ऊपर आते समय जोर लगाएं

ऊपर आते समय अपने शरीर पर थोड़ा जोर लगाएं ताकि आपकी मांसपेशियां अच्छी तरह से काम करें। इसे आप तेजी से या धीरे-धीरे कर सकते हैं, लेकिन ध्यान रखें कि आपका संतुलन बना रहे।



ऊपर आते समय सांस छोड़ें और ध्यान दें कि आपकी पीठ सीधी रहे। इस प्रक्रिया को बार-बार दोहराने से आपके पैर मजबूत होंगे और आकार में होंगे।

लगातार अभ्यास करें

किसी भी एक्सरसाइज का पूरा लाभ उठाने के लिए लगातार अभ्यास करना बहुत जरूरी होता है। सप्ताह में कम से कम तीन दिन इस एक्सरसाइज को जरूर करें। समय बढ़ाते हुए 15 से 20 बार करें ताकि आपकी मांसपेशियां मजबूत हों और शरीर आकार में आ सके। इस तरह आप रेजिस्टेंस बैंड स्क्वाट्स की मदद से अपने शरीर को फिट रख सकते हैं और स्वस्थ जीवनशैली अपना सकते हैं। नियमित अभ्यास से आप अपनी सेहत में सुधार देखेंगे।

## वॉर 2 का नया पोस्टर जारी, दिखी ऋतिक रोशन, जूनियर एनटीआर और कियारा आडवाणी की तिकड़ी



यशराज फिल्म्स के ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से 'वॉर 2' का नया पोस्टर जारी किया है। इस पोस्टर में फिल्म के तीनों लीड एक्टर्स ऋतिक रोशन, जूनियर एनटीआर और कियारा आडवाणी नजर आ रहे हैं। पोस्टर में ऋतिक और जूनियर एनटीआर के किरदार के बीच जबरदस्त टक्कर की झलक है। इस पोस्टर पर फैंस ने भी रिएक्शन दिए हैं।

'वॉर 2' के पोस्टर में ऋतिक हाथों में तलवार लिए इंटेंस लुक में नजर आ रहे हैं। जबकि जूनियर एनटीआर भी गुस्से में हैं। वहीं कियारा आडवाणी हाथ में बंदूक लिए दिख रही हैं। साथ ही पोस्टर में नीचे ऋतिक और जूनियर एनटीआर बोट पर एक-दूसरे का सामना कर रहे हैं। ऋतिक को अपनी एक्शन इमेज के लिए बॉलीवुड में जाना जाता है, वहीं जूनियर एनटीआर भी साउथ फिल्मों के बड़े एक्शन स्टार हैं। अब दोनों को दर्शक फिल्म वॉर 2 में जबरदस्त एक्शन करते हुए देखेंगे।

'वॉर 2' फिल्म के इस नए पोस्टर को फैंस ने भी खूब पसंद किया है। यूजर्स ने इस पर खूब रिएक्शन दिए हैं। एक यूजर्स लिखता है, 'मुझे यह पोस्टर अच्छा लगा।' एक अन्य यूजर ने कमेंट किया, 'जय एनटीआर।' वहीं ऋतिक के फैंस ने भी कमेंट सेक्शन में हाजिरी लगाई। ऋतिक के लुक पर फायर और हार्ट इमोजी बरसाए हैं।

## शब्द सामर्थ्य -112

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।


**ऊपर से नीचे**

1. हृदर, डर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बर्बादी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अरेही 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 111 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चु | स्त | | मु | | सं | स्था | न | |
| ग | | म | दा | न | गी | | त | म |
| ली | प | ना | | | त | न | | |
| | ना | ना | | | | | ज | |
| मा | ह | | रा | | सा | ज | न | |
| न | | स | ह | दे | व | | म | द |
| व | | म | | व | न | ज | | ल |
| ता | क | त | व | र | | मी | | द |
| | ल | ल | क | | क | र | त | ल |



## अजय देवगन की सन ऑफ सरदार 2 का गाना नचदी जारी मृणाल ठाकुर ने लगाया ग्लैमर का तड़का

अजय देवगन अभिनीत फिल्म सन ऑफ सरदार 2 का गाना नचदी सोमवार को रिलीज किया गया। गाने में फिल्म की मुख्य जोड़ी ग्लैमर का तड़का लगाते हुए नजर आ रही हैं।

मृणाल ठाकुर ने इंस्टाग्राम पर गाने का वीडियो शेयर किया, जिसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, राबिया का गाना आ गया है। इसी के साथ ही अजय देवगन ने भी अपने इंस्टाग्राम पर सॉन्ग वीडियो शेयर किया है। इस गाने को नेहा कक्कड़ ने गाया है और इसके लिरिक्स जानी ने दिए है, गाने पर तुरंत लाखों व्यूज आ चुके हैं। सॉन्ग में अजय देवगन, कुब्रा सैत, रोशनी वालिया और दीपक डोबरियाल भी हैं। इससे पहले, फिल्म का गाना पहला तू अजय देवगन के खास डांस स्टेप की वजह से सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ था। विजय कुमार अरोड़ा द्वारा निर्देशित फिल्म में रवि किशन, संजय मिश्रा, नीरू बाजवा, चंकी पांडे, दीपक डोबरियाल, विंदू दारा सिंह, रोशनी वालिया, शरत सक्सेना, साहिल मेहता और दिवंगत मुकुल देव भी हैं। इससे पहले, अजय ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म का ट्रेलर शेयर करते हुए लिखा था, एक्शन! इमोशन्स! कन्फ्यूजन का भंडार। जस्सी वापस आ गया है, और इस बार सब कुछ डबल है। सन ऑफ सरदार-2, आने वाली 25 जुलाई को सिनेमाघरों में!

# स्कूल का निरीक्षण कर कलेक्टर ने कविता और पहाड़ा सुन जानी दक्षता

## कक्षा में बच्चों को समझाया गणित, शिक्षकों को दी जिम्मेदारी से पढ़ाने की नसीहत

**कोरिया बैकुंठपुर।** जिला कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी अचानक निरीक्षण पर शासकीय प्राथमिक शाला कसरा एवं कंचनपुर पहुँचीं। उन्होंने स्कूल पहुँचते ही बच्चों की पढ़ाई-लिखाई, स्कूल संचालन और मध्यान्ह भोजन व्यवस्था की जमीनी स्थिति का अवलोकन किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे, जिला पंचपत के सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी भी उपस्थित थे।



कलेक्टर जब कक्षा में पहुँचीं तो बच्चों ने सामूहिक रूप से गुड मॉर्निंग कहकर उनका स्वागत किया। कक्षा तीसरी की छात्रा राधिका ने जब अंग्रेजी के ए से जेड तक के अल्फाबेट सुनाए, तो कलेक्टर ने वेरी गुड कहकर उसकी हौसला अफजाई की। वहीं छात्राओं मिनाक्षी और दिव्या ने कविता और पहाड़ा सुनाकर सबका मन मोह लिया। कलेक्टर ने ब्लैक बोर्ड में गणित के सवालों को शिक्षिका की तरह सरल भाषा में समझाया, जिससे बच्चे सहज रूप से सीख सकें। उन्होंने शिक्षकों को निर्देशित किया कि वे समय पर स्कूल खोलें, नियमित कक्षाएं लें और बच्चों को पूर्ण जिम्मेदारी और लगन से पढ़ाएं। कलेक्टर ने सभी बच्चों को खूब मेहनत, लगन के साथ पढ़ने की बात कही, रोजाना इमला लिखने और बोल बोलकर पढ़ने की बात कही, वहीं पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे ने बच्चों से कहा जिस तरह पढ़ाई जरूरी है, उसी तरह खेल भी जरूरी है। तथा समय पर भरपेट भोजन भी करें और सुबह जल्दी उठने की आदत भी डालें। कलेक्टर ने कहा, शिक्षक होना केवल एक पद नहीं, बल्कि यह भविष्य को आकार देने की जिम्मेदारी है। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि बच्चों को समय पर गर्म और संतुलित भोजन दिया जाए तथा उनके पालकों से सतत संपर्क में रहकर बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने रसोई कक्ष (किचन) का भी निरीक्षण किया और रसोइया से बातचीत कर भोजन की गुणवत्ता की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सोयाबीन के साथ-साथ गाढ़ी दाल भी दी जाए ताकि बच्चों को प्रोटीन युक्त पोषण मिले। उन्होंने रसोई को साफ-सुथरा रखने पर विशेष जोर दिया। कलेक्टर ने नल की टोटी नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त की और मौके पर उपस्थित जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता को तत्काल सुधारने व सभी स्कूलों में निरीक्षण कर, सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

# खेतों में पहुंचकर किसानों से संवाद किया जिलाधीश ने, पूछी समस्याएं



**कोरिया बैकुंठपुर।** जिला कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने आज प्रात: ग्राम खुटरापारा का दौरा कर खेतों में पहुँचकर किसानों से प्रत्यक्ष संवाद किया। उन्होंने किसानों से खाद-बीज की उपलब्धता, धान रोपाई की प्रगति और कृषि योजनाओं के लाभ से जुड़ी जमीनी स्थिति की जानकारी ली। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ डॉ आशुतोष चतुर्वेदी भी उपस्थित थे। खेत में कार्यरत किसान श्रीमती शांति बाई ने बताया कि वे लगभग 5 एकड़ में धान की खेती कर रही हैं और फिलहाल रोपाई कार्य में लगी हुई हैं। उन्होंने बताया कि इस समय खाद की कोई विशेष समस्या नहीं है, लेकिन अत्यधिक वर्षा के कारण धान बीज को नुकसान अवश्य हुआ है। कलेक्टर ने मौके पर मौजूद किसानों को फसल विविधीकरण की ओर प्रेरित करते हुए दलहन और तिलहन की खेती को बढ़ावा देने की सलाह दी। इस दौरान ग्रामीणों ने कृषि विभाग की योजनाओं और हितग्राही सामग्री के वितरण में असमानता की शिकायत भी की। कलेक्टर ने कृषि उपसंचालक राजेश भारती को तत्काल मामले की जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने और आवश्यक सामग्री के वितरण की प्रक्रिया को सुधारने के निर्देश दिए। इससे पहले कलेक्टर जामपारा स्थित आदिम जाति सेवा सहकारी समिति पहुँचीं, जहां उन्होंने खाद की उपलब्धता की स्थिति की समीक्षा की। सीधे किसानों से चर्चा कर वस्तुस्थिति से अवगत हुईं। चर्चा के दौरान उन्होंने समिति प्रबंधक को खाद वितरण की नियमित एंट्री करने और किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने किसानों को बताया कि समिति में अब नैनो डीएपी भी उपलब्ध है, जिसका वितरण शुरू कर दिया गया है। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि इसके सही उपयोग की जानकारी कृषि कार्यालय या ग्राम सेवक से प्राप्त कर उचित तरीके से प्रयोग करें। उन्होंने सभी समिति प्रबंधकों को निर्देशित किया कि वे समय पर कार्यालय खोलें, किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता से सुनें और शासन की योजनाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी रूप से लागू करें।

# 10 लाख का टेलीविजन खरीदा आदिवासी विकास विभाग ने, जांच संभावित

**कोरिया बैकुंठपुर।** छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले के आदिवासी विकास विभाग से बड़ी खबर निकल कर आई है। जहां एक एक टीवी 9,99,500 रु की दर से 5 नग टीवी 49,97,500 रु में खरीदी का मामला खूब सुर्खियां बटोर रहा है। इसके पहले जग खरीदी का मामला खूब सुर्खियों में रहा। सोसल मीडिया में यह खूब वायरल हो रहा है जग के बाद स्मार्ट टीवी खरीदी घोटाला सामने आ गया है। आदिवासी विकास विभाग में स्मार्ट टीवी जिससे स्मार्ट तरीके से पढ़ाई कराया जाना है। स्मार्ट पढ़ाई के लिए 5 नग सॉलिटेयर 86 इंच डिस्प्ले इंटरएक्टिव पैनल विथ सीपीयू की खरीदी का मामला सामने आने से विभाग में हड़कंप मच गया है। दस्तावेजों से जाहिर होता है कि टीवी खरीदी जेम पोर्टल में माध्यम से खरीदी गई है। इसमें एक सॉलिटेयर 86 इंच डिस्प्ले इंटरएक्टिव पैनल विथ सीपीयू 3 ईयर वारंटी के साथ 5 नग की खरीदी की गई। और यह स्मार्ट पढ़ाई के नाम पर खरीदी गई। जिसमे प्रत्येक की कीमत 9,99,500 रु की दर से 5 नग 49, 97, 500 रु की खरीदी हुई। सोसल में मीडिया में सेम उत्पाद सॉलिटेयर 86 इंच डिस्प्ले इंटरएक्टिव फ्लैट पैनल विथ सीपीयू 3 ईयर वारंटी के साथ दो कोटेशन भी सोसल मीडिया में वायरल हो रहे हैं, जिसमे एक कोटेशन में सॉलिटेयर 86 इंच डिस्प्ले इंटरएक्टिव फ्लैट पैनल विथ सीपीयू 3 ईयर वारंटी की कीमत 1,59,990 रु और दूसरे कोटेशन में सेम उत्पाद की कीमत 1,45,000 रु उल्लेखित है। इससे जाहिर है की जिसे 9,99,500 रु की दर से खरीदी गई है बाजार 1,45,000 रु से 1,59,990 रु तक के बीच आसानी से अलग अलग कंपनियों को सेम उत्पाद मिल सकती है और बाजार में उपलब्ध है। और जेम पोर्टल से 999500 रु में खरीदी कर भ्रष्टाचार का एक नया आयाम पैदा किया है। जेम पोर्टल बिल के साथ कोटेशन भी सोसल मीडिया में खूब वायरल हो रही है। कोरबा कोरिया सरगुजा क्षेत्र के कांग्रेसी इस मुद्दे को हाथो हाथ ले रही है और भाजपा राज में घोटालों को उजागर करते हुए हमला करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे है। आज देर शाम एक सरगुजा कोरिया जिले के सोसल मीडिया में वायरल हुआ इसके बाद से क्षेत्र में हड़कंप भी मचा हुआ है। इधर कांग्रेस एक के बाद एक उजागर होते घोटाले को लेकर हमला करने से नहीं चूक रहे हैं। देखते ही देखते यह मामला हाई प्रोफाइल बन चुका है। आदिवासी विकास विभाग कमिश्नर कार्यालय अंबिकापुर सरगुजा के द्वारा खरीदी की गई। बेचने वाली फर्म कोरिया जिले की है। जेम पोर्टल रसीद के अनुसार विक्रेता फर्म Bagalamukhi Enterprises pvt, dinesh soni, Behind durga mandir, प्रेमाबाग रोड जामपारा, बैकुंठपुर, कोरिया छत्तीसगढ़ से खरीदी की गई है।

## मुख्यमंत्री साय ने पुरस्कृत सभी नगरीय निकायों को दी बधाई

**रायपुर।** नगर पंचायत बिल्हा 20 हजार से कम आबादी वाले शहरों में देश का सबसे स्वच्छ शहर बिलासपुर तीन लाख से दस लाख जनसंख्या श्रेणी में देश का दूसरा सबसे साफ शहर कुम्हारी 20-50 हजार की आबादी वाले शहरों में देश का तीसरा सबसे स्वच्छ शहर स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में छत्तीसगढ़ के तीन शहरों ने राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष तीन स्थानों पर बनाया स्थान केन्द्रीय आवास और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने राज्य के सात नगरीय निकायों को किया पुरस्कृत उप मुख्यमंत्री अरुण साव और विजेता निकायों के महापौर व अध्यक्षों ने ग्रहण किए पुरस्कार नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आज आयोजित हुआ स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 पुरस्कार समारोह केन्द्रीय आवास और शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल और केन्द्रीय आवास और शहरी कार्य राज्य मंत्री श्री तोखन साहू भी समारोह में हुए शामिल।

# छत्तीसगढ़ ने राष्ट्रीय मंच पर बिखेरी स्वच्छता की चमक

**रायपुर।** केन्द्रीय आवास और शहरी कार्य मंत्रालय के स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में छत्तीसगढ़ के सात शहरों ने अपनी स्वच्छता की चमक बिखेरी है। बिल्हा नगर पंचायत 20 हजार से कम आबादी वाले शहरों में अब देश का सबसे साफ-सुथरा शहर बन गया है। स्वच्छ सर्वेक्षण में 20 हजार से कम आबादी वाले शहरों की श्रेणी में बिल्हा ने देशभर में प्रथम स्थान हासिल किया है। तीन लाख से दस लाख जनसंख्या वाले शहरों में बिलासपुर को पूरे देश में दूसरा और 20 हजार से 50 हजार आबादी वाले शहरों में कुम्हारी को तीसरा स्थान मिला है। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने आज नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित भव्य समारोह में इन तीनों नगरीय निकायों के साथ ही स्वच्छ सर्वेक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले राज्य के कुल सात नगरीय निकायों को पुरस्कृत किया। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री अरुण साव, संबंधित निकायों के महापौर, अध्यक्षों और अधिकारियों ने ये पुरस्कार ग्रहण किए। केन्द्रीय आवास और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल और केन्द्रीय आवास और शहरी कार्य राज्य मंत्री श्री तोखन साहू भी पुरस्कार समारोह में शामिल हुए।

## अंधेरे से उजाले की ओर: पूवर्ती गांव के अर्जुन की उड़ान

**रायपुर।** नक्सलवाद से प्रभावित बस्तर अंचल का एक नाम जो आज उम्मीद और बदलाव की मिसाल बनकर उभरा है ङ्क वह है माडवी अर्जुन। सुकमा जिले के अति-दुर्गम और माओवादी हिंसा से वर्षों त्रस्त रहे पूवर्ती गांव के इस बालक ने जवाहर नवोदय विद्यालय, पेंटा में छठवीं कक्षा में चयन पाकर इतिहास रच दिया है। यह केवल एक छात्र की जीत नहीं, बल्कि उस उम्मीद का संकेत है जो अब बस्तर के कोने-कोने में अंकुरित हो रही है। माडवी अर्जुन जिस पूवर्ती गांव का रहने वाला है।

# हाथी उत्पात से क्षेत्र में काफी नुकसान, पीड़ितों को क्षतिपूर्ति दिलाने के लिए मिला आश्वासन

**सूरजपुरा।** कलेक्टर एस.जयवर्धन की अध्यक्षता में आज वन, खनिज, उद्योग, श्रम, एसईसीएल व पर्यावरण विभाग की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में रखी गयी थी। बैठक में डीएफ्ओ श्री पंकज कमल, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती चांदनी कंवर, डिप्टी कलेक्टर श्री सुनिल अग्रवाल, खनिज अधिकारी राहुल गुलाटी, श्रम अधिकारी एलेन मिंज व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने वन विभाग की समीक्षा के दौरान वनमण्डलाधिकारी व उपस्थित वन क्षेत्र पदाधिकारी से हाथी द्वारा क्षति पहुचाएं गए मामलों के निष्पादन एवं मुआवजा राशि दिलाने की दिशा में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने स्पष्ट किया कि हाथियों से प्रभावित क्षेत्र अंतर्गत पीड़ित परिवार के आवेदनों का संग्रह कर त्वरित गति से मुआवजा दिलाने की दिशा में ससमय कार्रवाई की जाये। इस हेतु उन्होंने प्रभावित परिवरों को होने वाली क्षति का आकलन करने के लिए राजस्व विभाग अमले के साथ समन्वय स्थापित कर क्षतिपूर्ति हेतु प्रकरण तैयार करने के निर्देश दिये ताकि प्रभावित परिवार को शीघ्र से शीघ्र राहत दिलाई जा सके। खनिज विभाग की समीक्षा पर कलेक्टर ने अवैध खनन परिवहन व भण्डारण करने वालों पर खनिज अधिकारी को सक्त कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

अवैध खनन रोकने की दिशा में उन्होंने प्रशासनिक व पुलिस अमलों को बेहतर समन्वय स्थापित कर कार्य करने की बात कही ताकि अवैध खनन को लेकर कडा रूख अख्तियार किया जा सके। बैठक में जिला व्यापारी एवं उद्योग केन्द्र द्वारा संचालित प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना अंतर्गत जिला क्रियान्वयन समिति द्वारा अनुमोदित आवेदनों की संख्या और वर्तमान में पोर्टल में प्रदर्शिनी की स्थिति की जानकारी ली गई । इसके साथ ही पीएमएफएमई व पीएमईजीपी योजनांतर्गत स्वीकृत प्रकरणों के संबंध में चर्चा की गई। इसके साथ ही उपस्थित सभी विभागों के योजना के संबंध में अद्यतन जानकारी ली गई और योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए।

## मुख्यमंत्री ने नई गाड़ियों को दिखाई हरी झंडी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों तक सुलभ और प्रभावी स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए आज एक ऐतिहासिक कदम उठाया। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज अपने निवास से फील्ड स्तर के स्वास्थ्यकर्मियों के लिए 151 नई गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ये वाहन बस्तर और सरगुजा जैसे दुर्गम क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को बेहतर बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा, यह पहल एक स्वस्थ छत्तीसगढ़ की दिशा में मजबूत कदम है।

# पीएम आवास की प्रगति के लिए सतत संवाद आवश्यक: सीईओ डॉ.चतुर्वेदी

**कोरिया बैकुंठपुर।** जिला पंचायत कोरिया के मंथन कक्ष में बुधवार को प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) और महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के क्रियान्वयन की केपीआई आधारित समीक्षा बैठक आयोजित की गई। यह बैठक कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देश पर की गई, जिसकी अध्यक्षता जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने की।




सीईओ डॉ. चतुर्वेदी ने सभी ग्राम पंचायतों के रोजगार सहायकों और आवास मित्रों से पंचायतवार लक्ष्य और प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत हितग्राहियों से निरंतर संवाद कर उनकी समस्याएं जानना और उन्हें संसाधनों से जोड़ना आवश्यक है। तभी उनके पक्के आवास का सपना समय पर पूरा हो सकेगा।

सीईओ ने निर्देशित किया कि 15 सितंबर 2025 तक सभी स्वीकृत आवासों का निर्माण कार्य पूर्ण कराया जाए। उन्होंने मैदानी अमले को कहा कि वे प्रत्येक हितग्राही को 90 दिन का रोजगार सुनिश्चित कराएं और मास्टर रोल कम से कम 30 दिन का निकाला जाए।

बैठक में 8 ग्राम रोजगार सहायकों की अनुपस्थिति पर नाराजगी जताते हुए उन्हें कारण बताओ (शोकॉज) नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। सीईओ ने स्पष्ट कहा कि योजनाओं में लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डॉ. चतुर्वेदी ने कहा कि बरसात के दिनों में भी कार्य रुकना नहीं चाहिए। उन्होंने निर्देश दिया कि ढलाई पूर्ण हो चुके आवासों में प्लास्टर कार्य कराकर योजना में प्रगति लाई जाए। उन्होंने जिओ टैगिंग, किश्त वितरण, राशि अंतरण और निर्माण की गुणवत्ता पर भी गहन समीक्षा की। मनरेगा योजना की समीक्षा में सीईओ ने निर्देशित किया कि वनाधिकार पट्टा धारकों को प्राथमिकता से कार्य दिए जाएं, महिला श्रमिकों को संगम अभियान से जोड़ते हुए आजीविका गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जाए, सभी अपूर्ण कार्यों की ऑनलाइन एंट्री और प्रमाण पत्र एक सप्ताह में दर्ज कराना अनिवार्य किया जाए।

उन्होंने ग्राम पंचायत स्तर पर दस्तावेजों का संधारण, लेबर बजट की प्रतिलिपि संधारण, जॉब कार्ड अपडेट करने और उसका प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए। साथ ही उन्होंने मानव दिवस वृद्धि, जनजातीय महिलाओं को रोजगार, और प्राकृतिक संसाधनों पर आधारित कार्य बढ़ाने को भी कहा। बैठक में जनपद पंचायत बैकुंठपुर और सोनहत के सीईओ, एसडीओ (आरईएस), कार्यक्रम अधिकारी (मनरेगा), तकनीकी सहायक, आवास मित्र तथा रोजगार सहायक उपस्थित रहे।

## बलरामपुर पुलिस ने नक्सली वेशभूषा में लूट की घटना के फरार आरोपी आगय साय को बिहार से पकड़ा

**बलरामपुर।** नक्सली की वेशभूषा में वारदात को अंजाम देने वाले फरार आरोपी आगय साय को पुलिस ने बिहार के रोहतास जिले से गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से भारी मात्रा में असलहा बरामद हुआ है। आगय साय ने 13 जनवरी 2022 को मानपुर क्षेत्र में लूट की घटना को अंजाम दिया था। इसके अलावा उसके खिलाफ अन्य जिलों में भी गंभीर मामले दर्ज हैं। बलरामपुर एसपी वैभव बैंकर ने बताया कि आरोपी समेत कुल सात आरोपियों को लूट के मामले में गिरफ्तार किया जा चुका है, जिन्हें जेल भेज दिया गया है। इस गिरोह ने सोने-चांदी के जेवरात और नकदी की लूट की थी। चलगली पुलिस ने इस घटना में आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। एसपी ने बताया कि आगय साय वारदात के बाद से अपना नाम-परिचय छुपा कर छिपा हुआ था। उसके खिलाफ कुसमी, रामचंद्रपुर, रघुनाथनगर और सूरजपुर जिले के चांदनी बिहारपुर में भी मुकदमे दर्ज हैं। बिहार से गिरफ्तारी के बाद अब पुलिस आरोपी से पूछताछ कर मामले की गहराई में जाने की तैयारी कर रही है। इस गिरफ्तारी से क्षेत्र में अपराध पर लगाम लगाने की उम्मीद बढ़ गई है।

## छत्तीसगढ़ में बांग्लादेशी घुसपैठ पर सियासी घमासान

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान कर उन्हें देश से बाहर भेजने की प्रक्रिया में तेजी ला रही है। लेकिन इस कार्रवाई को लेकर अब राजनीतिक विवाद भी गहराता जा रहा है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि अगर बंगाली भाषी लोगों पर अत्याचार नहीं रुका, तो इसके गंभीर राजनीतिक परिणाम होंगे।

## देवगड़ी मोड़ पर ट्रेक्टर पलटी, एक की मौत, एक गंभीर रूप से घायल

**रामानुजगंज।** सुबह 9 बजे के करीब देवगई मोड़ के पास राष्ट्रीय राज्य मार्ग में सड़क किनारे पेड़ काटकर रखे गए डंगाल से ट्रैक्टर के टक्कर के बाद ट्रैक्टर सड़क के किनारे खेत में पलटने से ट्रैक्टर चला रहे युवक एवं उसका साथी दोनों दब गए स्थानीय लोगों के द्वारा तत्काल दोनों को बाहर निकल गया व इलाज के लिए बलरामपुर से अंबिकापुर ले जाने के दौरान रास्ते में एक युवक की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार तामेश्वरनगर हवाई पट्टी के समीप रहने वाले तिरु माझी की पिता दशरथ उम्र 19 वर्ष अपने मित्र पिंटू उम्र 20 के साथ बलरामपुर की ओर से अपने ट्रैक्टर में केजबिल पुराना लगवा कर वापस अपने गांव जा रहा था इसी दौरान सुबह 9 बजे के करीब राष्ट्रीय राज्य मार्ग के किनारे पेड़ों को काटकर डंगाल को रख दिया गया है जिससे ट्रैक्टर की टक्कर हुई एवं ट्रैक्टर आगे जाकर पलट गया जिससे दोनों दब गए दोनों को स्थानीय लोगों के द्वारा तत्काल बाहर निकल गया एवं जिला अस्पताल भेजा गया जहां से तिरु की स्थिति काफी गंभीर देखते हुए रेफर कर दिया गया था रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। दूसरे की स्थिति सामान्य बताई जा रही है।

# जनपद सदस्य यादव ने लगाया आवास योजना में गंभीर भ्रष्टाचार का आरोप

**रामानुजगंज।** रामचंद्रपुर विकासखंड के दूरस्थ ग्राम डूमरपान में प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण में दर्जनों हितग्राहियों के राशि के गबन का गंभीर आरोप क्षेत्र के जनपद सदस्य एवं खाद विभाग के सभापति रामेश्वर यादव ने लगाते हुए मुख्य कार्यपाल अधिकारी को ज्ञापन सौप कार्यवाही की मांग की। यादव ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना अंतर्गत हितग्राही रामाधार पिता धनुकी,सत्यदेव पिता जीत सिंह, सोनेलाल पिता रूपसाय, मानिकचंद पितानारायण, मणिलाल पिता नारायण, अवध बिहारी यादव पिता सोमारू, शिव भजन पिता रामदास, जमुना पिता विश्वनाथ का आवास स्वीकृत हुआ था जिसके बाद सभी ने प्रधानमंत्री आवास बनाए परंतु आवास के लिए मनरेगा के तहत 90 दिन की मिलने वाली मजदूरी की राशि अन्य खाते में डाल दिया गया। जिससे हितग्राहियों को 90 दिन की राशि का भुगतान नहीं हो पाया। उन्होंने कहा कि सभी हितग्राही इसके लिए कई बार पंचायत प्रतिनिधियों को शिकायत भी किया परंतु कार्यवाही नहीं हुई ,न हीं उनका राशि वापस दिलाने के लिए कोई पहल हो सकी। हितग्राहियों ने आरोप लगाया कि पंचायत सचिव एवं रोजगार सचिव के द्वारा राशि निकाल ली गई है एवं मांगने पर सिर्फ घुमाया जा रहा है।

मनरेगा के कार्यक्रम अधिकारी अभिषेक द्विवेदी ने कहा कि शिकायत मिली है जांच की जाएगी। ऐसे किया फर्जीवाड़ा....... हितग्राहियों ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण के लिए मनरेगा के तहत 90 दिन की मजदूरी मिलती है इस राशि को हम लोगों के खाते में ना डालकर दूसरे के खाते में डालकर पैसा को आहरित कर लिया गया। जनपद सदस्य मिलकर हितग्राहियों ने की शिकायत तो हुआ खुलासा....... जनपद सदस्य रामेश्वर यादव ने बताया कि हितग्राहियों के द्वारा मुझे बताया गया कि मनरेगा के तहत प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण के लिए मिलने वाला राशि हितग्राहियों के खाते में न डालकर दूसरों के खाते में डालकर आहरित कर ली गई जब इसका मैं पता लगाया तो हितग्राहियों की शिकायत सही पाई इसके बाद मैं शिकायत की है।

## छत्तीसगढ़ की स्वास्थ्य व्यवस्था को सशक्त और सुलभ बनाने की दिशा में जुड़ा नया अध्याय

**रायपुर।** प्रदेश के कोने-कोने तक स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और सुदृढ़ीकरण हेतु राज्य सरकार पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। भरोसेमंद चिकित्सा सुविधा आमजन तक पहुँचाने की दिशा में उठाया गया यह कदम ऐतिहासिक है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज अपने निवास परिसर से मैदानी स्वास्थ्य अमले के लिए 151 वाहनों को हरी झंडी दिखाकर विभिन्न जिलों के लिए रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इन वाहनों के माध्यम से बस्तर और सरगुजा क्षेत्र के सुदूर अंचलों में भी लोगों को समय पर प्रभावी उपचार मिल सकेगा। यह 'स्वस्थ छत्तीसगढ़' की दिशा में एक सशक्त पहल सिद्ध होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ की स्वास्थ्य व्यवस्था को सशक्त और सुलभ बनाने की दिशा में आज एक नया अध्याय जुड़ गया है। पुराने, अनुपयोगी हो चुके वाहनों को स्क्रैप कर उनकी जगह अत्याधुनिक नए वाहन शामिल किए गए हैं। यह पहल राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन, समयबद्ध निरीक्षण और निगरानी को भी गति प्रदान करेगी।

## किक बांक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन जारी

**रायपुर।** वाको इंडिया किक बांक्सिंग फेडरेशन के मार्गदर्शन में किक बांक्सिंग एसोसिएशन छग द्वारा राष्ट्रीय किक बांक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन दूसरे दिन भी इंडोर स्टेडियम बूढ़ापारामें जारी है। उक्त प्रतियोगिता में 16 जुलाई से 20 जुलाई के मध्य 33 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में 12 सौ खिलाड़ी 300 ऑफिशियल सहित 15 सौ खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त फेडरेशन खेल एवं युवा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त है। इंडोर स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता में विजय प्राप्त करने वाले खिलाड़ी नवंबर में अबूधाबी में आयोजित अंतरराष्ट्रीय वर्ल्ड चैम्पियनशिप प्रतियोगिता में सहभागिता निभाएंगे। द्वितीय दिवस के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि पवन साय संगठन मंत्री भाजपा एवं अध्यक्षता टंकराम वर्मा केबिनेट मंत्री खेल एवं युवा मंत्रालय विशिष्ट अतिथि किरणसिंहदेव भाजपा प्रदेशाध्यक्ष, राजेश मूणत विधायक पश्चिम, राजीव अग्रवाल अध्यक्ष छग राज्य औद्योगिक विकास निगम, हिमांशु द्विवेदी संपादक आईएनएच सुभाष राव पूर्व अध्यक्ष छग गृह निर्माण एवं नमित जैन संपादक लल्लूराम रहे।

## 33वीं नेशनल कराते चैम्पियनशिप का त्रिदिवसीय आयोजन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कराते संघ द्वारा 33 वीं नेशनल कराते चैम्पियनशिप का आयोजन 17 18 एवं 19 अगस्त को अग्रसेन धाम लाभांडी रायपुर में आयोजित किया गया है। उक्त जानकारी प्रेस विज्ञप्ति जारी कर देते हुए विजय अग्रवाल अध्यक्ष एवं सचिव अजय साहू ने बताया कि इस चैम्पियनशिप प्रतियोगिता में सीनियर जूनियर एवं सब जूनियर वर्ग के संपूर्ण देश से 800 खिलाड़ी एवं अधिकारी भाग लेंगे। 17 अगस्त को खिलाड़ियों का पंजीयन होने के पश्चात रेफरी काउंसिल द्वारा टेक्निकल सेमीनार एवं रेफरी परीक्षा का आयोजन होगा।

# होटल में डॉक्टर से दुष्कर्म की कोशिश, युवक हिरासत में

### चाकू दिखाकर धमकाया, चिल्लाने पर भाग खड़ा हुआ



**कोरबा।** कोरबा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था की स्थिति कितनी बेहतर है, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि होटल में रुकने वाले मेहमान भी सुरक्षित नहीं है। सिविल लाइन क्षेत्र के होटल टॉप एंड टाउन में एक प्रशिक्षित चिकित्सक से हथियार के ऊपर दुष्कर्म की कोशिश की गई। देर रात घटित इस घटना के दौरान महिला ने साहस दिखाया। उसके शोर मचाने पर आरोपी भाग खड़ा हुआ। सीसीटीवी कैमरे के फुटेज की मदद से रामपुर में रहने वाले एक युवक को विरासत में लिया गया है। प्रकरण दर्ज करने के साथ आगे की जांच की जा रही है।

बीती रात लगभग 2ः00 बजे यह घटना कोरबा के सिविल लाइन पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्थित होटल टॉप एंड टाउन के रूम नंबर 122 में हुई। छत्तीसगढ़ के शक्ति जिले के चार प्रशिक्षु चिकित्सक मेडिकल कॉलेज में ट्रेनिंग के लिए काफी समय से आए हुए थे । इनमें से दो की ट्रेनिंग पूरी हुई और वापस चले गए। जबकि इनमें से दो चिकित्सक अभी भी यहां पर मौजूद है। खबरों के अनुसार चिकित्सा पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने और सिविल लाइन थाना के बगल में स्थित होटल टॉप इन टाउन में रह रहे है। बताया गया कि जिस कमरे में ट्रेनिंग महिला डॉक्टर के साथ बीती रात दुष्कर्म की कोशिश की गई, वहां खिड़की के जरिए आरोपी कूद कर पहुंच गया। आवाज से डॉक्टर की नींद खुली। मालूम चला कि आरोपी के साथ हथियार था जिसके माध्यम से उसने डरने का प्रयास किया। घटनाक्रम के दौरान पीड़िता ने तो हल्ला किया ताकि आसपास के लोग हरकत में आएं। इसका असर यह हुआ कि आरोपी मौके से भाग खड़ा हुआ। पीड़िता ने अधिकारी के साथ तत्काल पुलिस को इस बारे में सूचित किया । होटल प्रबंधन को भी अवगत कराया। जिस पर आनन फानन में होटल के सीसीटीवी कैमरे की जांच की गई और उसमें नजर आ रहे व्यक्ति की पहचान कर कार्रवाई की गई। मालूम चला कि रामपुर बस्ती निवासी राजा खड़िया को इस सिलसिले में हिरासत में लिया गया है और अगली कार्यवाही की जा रही है।

विधानसभा में उठ सकता है मामला

छत्तीसगढ़ विधानसभा का मानसून सत्र इन दिनों चल रहा है। पहले से ही सत्र के लिए 1000 सवाल विभिन्न क्षेत्रों के विधायकों के द्वारा लगाए गए हैं । अब तक की कार्रवाई में अलग-अलग मुद्दों को लेकर को हंगामा की स्थिति निर्मित हुई है और कई मौके पर विपक्ष ने उत्तर से असंतोष होकर वॉक आउट भी किया है। कोरबा में ट्रेनिं डॉक्टर के साथ पिछली रात हुई घटना से विपक्ष के साथ-साथ सत्ता पक्ष के उन विधायकों को एक बार फिर बड़ा मुद्दा मिल गया है, जिनके कई काम अटके हुए हैं।

#### पूछपरख भी एक बड़ा मसला

राजनीति के क्षेत्र में काम करने वाले जानकारी का कहना है कि संसदीय व्यवस्था के अंतर्गत होने वाले सत्र और उनकी कार्यवाही के दौरान बहुत सारे सवाल जनहित के होते हैं तो कई मामलों को लेकर विशेष रुचि इसलिए ली जाती है क्योंकि सवाल हम की तुष्टि का होता है। महत्वाकांक्षा और अपनी पूछ परख को बेहतर बनाए रखने के लिए भी असंतुष्ट प्रतिनिधि सदन की कार्यवाही के दौरान तेवर दिखाने में संकोच नहीं करते।

## महिलाओं के आर्थिक स्तर को कर रहे बेहतर



**कोरबा।** जिला भाजपाध्यक्ष गोपाल मोदी ने कहा है कि केंद्र की नरेंद्र मोदी और प्रदेश की विष्णुदेव सरकार विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन करते हुए महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण का काम कर रही है। योजनाओं को इसी हिसाब से बनाया गया है। माइजी फाउंडेशन के द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में गोपाल मोदी बोल रहे थे। सीएसईबी सीनियर क्लब में आयोजित कार्यक्रम में गोपाल मोदी ने कहा कि महिलाओं के स्व सहायता समूहों का गठन और उन्हें स्वावलंबन की गतिविधियों से जोड़ना बड़ा कदम है। कामकाज के जरिए महिलाओं को व्यस्त रखा जा रहा है। उन्होंने इस बात की प्रशंसा की कि योजनाओं के तहत वित्तीय सुविधा उपलब्ध कराने से महिलाओं को जवाबदेह बनाया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए जिस प्रकार की योजनाएं खासतौर पर प्रदेश में चलाई जा रही है वे दूसरे राज्यों के लिए मॉडल बनी हुई है।

क्रेज दिखा पंडित प्रदीप मिश्रा का

## एक लोटा जल... शिव महापुराण कथा के अंतिम दिन उमड़ी भीड़



**कोरबा।** जिले के कुदुरमाल में आयोजित शिव महापुराण कथा का आज सातवें दिन समापन हो गया। अलग-अलग वजह और शिकायतों को देखते हुए आयोजन समिति ने अंतिम दिवस के लिए पास और पासवर्ड दोनों को बदल दिया। ऐसी स्थिति में आयोजन स्थल पर भीड़ का दबाव कम रहा जबकि आयोजन स्थल के आसपास हजारों की संख्या में लोग एकत्रित हुए और साउंड सिस्टम से कथा सुनी।

अपनी कथा के माध्यम से देश और दुनिया में पहचान बनाने वाले पंडित प्रदीप मिश्रा ने सावन के महीने में लोगों को शिव की भक्ति के साथ बताया कि एक लोटा जल अर्पित करने से समस्याएं कैसे हल हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि भगवान की भक्ति सहज तरीके से होना चाहिए। कोरबा जिले के इस इलाके में किए गए आयोजन और लोगों की भावना का उन्होंने सम्मान किया। उन्होंने कथा के माध्यम से कई अच्छे संदेश समाज को दिए।

पूर्व के अनुभव को देखते हुए आयोजन के अंतिम दिवस कथा स्थल के बाहर और भीतर सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की गई। खबर के अनुसार जनवरी महीने में कोरबा जिले के छूरी कला में शिव महापुराण कथा का आयोजन करने का आश्वासन भी इस मंच से दिया गया।

## पर्यावरण चुनौती पर संवाद करेंगे पाठक

**कोरबा।** ग्लोबल वार्मिंग के खतरे हर तरफ चिंता का कारण बने हुए हैं। इस पर विचार मंथन के साथ अलग-अलग स्तर पर कार्य किया जा रहे हैं। भागीदारी जा रही है कि किस प्रकार से पर्यावरण संरक्षण को लेकर यह वर्ग अपनी भूमिका निभा सकता है। पर्यावरण संरक्षण गतिविधि मामलों में जनसंवाद प्रमुख मनीष पाठक आज प्रबुद्ध वर्ग से चर्चा करेंगे। कोल फील्ड्स कंपनी के राजकुमार ठाकुर ने बताया कि मंथन का विषय होगा- पर्यावरण चुनौती और हमारा कर्तव्य।

बताया गया कि डिजिटल प्लेटफॉर्म पर इस चर्चा को किया जाना है। मनीष पाठक पर्यावरण मामलों को लेकर काफी समय से काम कर रहे हैं। लोगों की समझ को बढ़ाने के लिए वे अपने स्तर पर कोशिश में जुटे हुए हैं। उनकी ओर से सतत मार्गदर्शन किया जा रहा है कि पर्यावरण जन सामान्य के लिए कितना महत्वपूर्ण है और इसके संरक्षण के लिए हमारे व्यक्तिगत और सामूहिक जवाबदारी क्या है। इस प्रकार के लगातार प्रयासों से एक सकारात्मक वातावरण बनाया जा रहा है। माना जा रहा है कि व्यापक जन समुदाय के बीच इस प्रकार के संदेश जाते हैं तो वह दूसरों को प्रेरित करने का माध्यम बनते हैं।

## निर्विघ्न संपन्न हुआ आयोजन, उरगा और जिला पुलिस को मिली सराहना

### पं. प्रदीप ने की प्रशंसा

**कोरबा।** भक्त महाकाल मंडल कोरबा के द्वारा सावन महीने में शिव महापुराण कथा का आयोजन आखिरकार निर्विघ्न संपन्न हो गया। उरगा थाना क्षेत्र के अंतर्गत यह आयोजन हुआ। अंतिम दिवस विश्व विख्यात कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा ने बिना किसी बाधा और शिकायतों के संपन्न हुए इस आयोजन के लिए उरगा पुलिस और जिला पुलिस बल की व्यवस्था को सराहा। उन्होंने कहा कि बदले हुए कार्यक्रम के बावजूद सबकुछ अच्छा हो जाना भगवान की कृपा और पुलिस की इच्छाशक्ति को दर्शाता है। याद रहे यहां सुरक्षा के लिए उरगा थाना प्रभारी राजेश तिवारी के अलावा टीआई युवराज तिवारी, धर्मनारायण तिवारी, एमबी पटेल, केके वर्मा सहित पुलिस बल को तैनात किया गया।

## तौलीपाली जंगल में हाथी ने कुचला महिला को

**कोरबा।** हाथी उत्पात की समस्या कोरबा वन मंडल में लगातार बढ़ रही है। आज सुबह तौलीपाली के जंगल में हाथी ने एक महिला को उठाकर पटक दिया। महिला की मौके पर मौत हो गई। इस घटना से आसपास के क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है। फॉरेस्ट और पुलिस की टीम मौके के लिए रवाना हुई है।

फॉरेस्ट डिविजन कोरबा के कुदमुरा रेंज में यह घटना हुई। बताया गया कि कुछ दिन से हाथियों का समूह इस इलाके में भ्रमण कर रहा था। इनमें दंतैल भी शामिल है। जानकारी मैं बताया गया कि आज सुबह एक महिला जंगल में गई हुई थी, तब हाथी से उसका आमना सामना हो गया। घटना में महिला की मौत हो गई। हाथी की चिंघाड़ और महिला की चीख को आसपास में सुना गया। जिससे लोगों ने अनुमान लगाया कि क्षेत्र में हादसा हुआ है। इस बारे में फॉरेस्ट और करतला पुलिस को अवगत कराया गया। जानकारी मिलने पर एसडीओ फॉरेस्ट सूर्यकांत सोनी, टीआई केके वर्मा और फारेस्ट टीम मौके के लिए रवाना हुई। वहां पर महिला का शव अत्यंत बदहाल स्थिति में देखा गया। बताया गया कि मृतका मानसिक रूप से अस्वस्थ थीं और काफी समय से इस इलाके में देखी जा रही थी। विस्तृत जानकारी नहीं मिली है। पुलिस मर्ग, पंचनामा और पीएम के बाद अगली कार्रवाई करने की बात नहीं है।



## बीकन स्कूल में मनाया स्थापना दिवस



**कोरबा।** बीकन स्कूल एसईसीएल कोरबा में सृष्टि महिला मंडल के अध्यक्ष श्रीमती अनीता गुप्ता जी के मुख्य आतिथ्य में 40 वां स्थापना दिवस मनाया गया इस अवसर पर विद्यालय के छात्र संघ के चुने हुए पदाधिकारी को बैच लगाकर पद की गोपनीयता और गरिमा को बनाए रखने की शपथ दिलाई गई इस शुभ अवसर पर विद्यालय के प्रांगण में श्रीमती अनीता गुप्ता जी के द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया तथा छात्र-छात्राओं को वृक्षारोपण हमारे जीवन में होने वाले प्रभाव पर सारगर्भित उद्बोधन दी गई। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका सुश्री पी बारिक शतथा श्रीमती कल्पना मिश्रा के द्वारा कुशलता पूर्वक किया गया विद्यालय के प्राचार्य श्रीमान एम,बी, गाटलिब के द्वारा वृक्ष के महत्व पर प्रकाश डाला गया उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक घनश्याम पटेल, पी बारीक, यतीमा अतुल नाथन,शोभा नाडिग, एन हिंडारिया, डी सिंह,एम जे चौहान , सलामी बाघ, रश्मि, अपराजिता, शांतनु सेठ, बीना, रिया चक्रवर्ती, सत्यप्रकाश, यशवंत, अनामिका, सीमा, नरोत्तम, मिथु ,निखिलेश, लखन ,संतोषी,अरुणा उपस्थित थे।

## बिजली चोरी करना महंगा पड़ा युवक को, अदालत ने सुनाई सजा

**कोरबा।** विशेष न्ययाधीश विद्युत अधि. कोरबा एस शर्मा द्वारा विद्युत अधिनियम 2003 के तहत विद्युत चोरी के मामले में आरोपी राधेश्याम कुर्रे पिता लतेल कुर्रे निवासी अयोध्यापुरी जमनीपाली को सजा सुनाई गई है। प्रकरण के अंतर्गत परिवादी छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित दर्री जोन द्वारा अभियुक्त राधेश्याम कुर्रे के उपर रुपए 1 लाख 16 हजार 300 रुपए विद्युत बिल बकाया रहने के कारण 9 अगस्त 2022 को विद्युत विच्छेदित किया गया था। तत्पश्चात् 29 अगस्त 2022 के दोपहर करीब एक बजे उक्त परिसर में लगे विद्युत लाइन की जांच करने पर अभियुक्त ने अपने उक्त परिसर में बिजली विभाग द्वारा लगाए गए विद्युत लाइन से अवैध रूप से लाइन जोड़कर विद्युत ऊर्जा की चोरी कर विभाग को 307 रुपए की क्षति पारित की गई। परिवादी छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी की ओर से नियुक्त अधिवक्ता धनेश सिंह द्वारा पैरवी करते हुए प्रकरण में साक्ष्य प्रस्तुत किया। न्यायालय द्वारा अभियुक्त को विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के अपराध में 2000 रुपए के अर्थदंड से एवं अर्थदंड के व्यतिक्रम में एक माह अर्थात 30 दिवस के साधारण कारावास। इसी प्रकार धारा 138 के आरोप में 1500 रुपए के अर्थदंड से एवं अर्थदंड के व्यतिक्रम में 10 दिवस के साधारण कारावास से दंडित किया गया है।

## गड्ढों की भेंट चढ़ गया कटघोरा का ढेलवाडीह बायपास, लोग मुश्किल में



**कोरबा।** कटघोरा नगर के लिए एक समय में राहत का मार्ग समझा जाने वाला रामपुर से ढेलवाडीह होते हुए सुतर्रा तक बना बायपास अब खतरे की घंटी बन गया है। बारिश शुरू होते ही यह बायपास मार्ग अपनी बदहाल स्थिति के कारण लोगों की जान जोखिम में डाल रहा है। सड़क की परतें उखड़ चुकी हैं और जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं, जो दिन प्रतिदिन गहराते जा रहे हैं।

यह बायपास मार्ग न केवल कटघोरा बल्कि बिलासपुर, अम्बिकापुर और कोरबा जैसे प्रमुख शहरों को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग है। इस सड़क से प्रतिदिन सैकड़ों भारी वाहन, जिनमें कोयला परिवहन करने वाले ट्रेलर, हाइवा और राखड़ ढोने वाले ट्रक शामिल हैं, गुजरते हैं। भारी वाहनों के अत्यधिक दबाव और बारिश की मार के चलते सड़क की स्थिति बेहद जर्जर हो चुकी है।

लोक निर्माण विभाग द्वारा इस बायपास मार्ग का निर्माण तो करवाया गया, लेकिन उसके बाद इसके रखरखाव की कोई व्यवस्था नहीं की गई। नतीजा यह हुआ कि समय के साथ सड़क की स्थिति बद से बदतर होती चली गई। सड़क पर उभर आए गड्ढे न केवल यातायात को बाधित कर रहे हैं, बल्कि यह कभी भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकते हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग से गुजरते समय दोपहिया वाहन चालकों और राहगीरों को सबसे अधिक परेशानी होती है। वाहन गड्ढों में फंसते हैं, फिसलते हैं और कई बार दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं। इसके बावजूद लोक निर्माण विभाग की ओर से इस दिशा में अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

यदि समय रहते इस सड़क की मरम्मत और पुनर्निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया, तो यह बायपास पूरी तरह से टूटकर जानलेवा मार्ग में तब्दील हो जाएगा। लोगों में रोष है कि विभागीय लापरवाही के चलते आए दिन खतरा बढ़ रहा है और इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। स्थानीय प्रशासन और लोक निर्माण विभाग से निवेदन है कि इस मार्ग की गंभीर स्थिति को समझते हुए शीघ्र आवश्यक कार्यवाही करें, ताकि लोगों की जान और माल की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

कटघोरा बायपास की यह दुर्दशा केवल एक सड़क की समस्या नहीं, बल्कि एक बड़ी प्रशासनिक लापरवाही का उदाहरण बनती जा रही है। यदि जल्द ही इसका समाधान नहीं हुआ, तो आने वाले दिनों में यहां बड़ी दुर्घटनाओं की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

## शिक्षा के लिए दूर जाना और ज्यादा खर्च करना भी मंजूर

### इसका असर बाजार की दशा पर झलक रहा

**- स्थानीय संवाददाता-**

**कोरबा।** भले ही अकादमी और तकनीकी शिक्षा के लिए कोरबा में अच्छे विकल्प होने के दावे निरंतर किया जा रहे हैं और इन पर प्रचार प्रसार भी हो रहा है लेकिन वास्तविकता कुछ अलग है। उच्च शिक्षा और तकनीकी शिक्षा के लिए बहुत बड़ा वर्ग दूसरे राज्यों या विदेश की तरफ रुख कर रहा है। इसके कारण जहां खर्च का दावा बड़ा है वही परिस्थिति भी बदली है। बाजार में मंडी के लिए इन चीजों को जिम्मेदार माना जा रहा है।

कोरबा जिले में हायर सेकेंडरी तक की शिक्षा के लिए अकेले 36 स्कूल सीबीएसई पाठ्यक्रम के साथ संचालित हो रहे हैं। जबकि स्टेट बोर्ड वाली स्कूलों की संख्या 150 से ज्यादा है। वही कला, वाणिज्य और विज्ञान सहित तकनीकी और दूसरे मास्टर डिग्री कोर्स के मामले में 15 से अधिक कॉलेज संचालित हो रहे हैं। खबर के अनुसार अलग-अलग कारणों से इनमें ऐडमिशन की स्थिति संतोषप्रद नहीं कहीं जा रही है। इससे सरकार के सिस्टम के सामने चिंता का बढ़ना स्वाभाविक है। खबरों के अनुसार पढ़ाई के नाम पर कोरबा जिले से हर साल सैकड़ो की संख्या में विद्यार्थी बाहर जाना पसंद कर रहे हैं। इनमें दो तरह के विद्यार्थी शामिल हैं एक वे जो सरकारी रियायत की पात्रता रखते हैं और दूसरे वे जिनके अभिभावकों के पास अनंत साधन है। अनुकूलता के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई पर खर्च किया जाना संभव हो रहा है लेकिन यह भी देखा जा रहा है कि इसके चलते स्थानीय अर्थव्यवस्था में मंदी का ग्राफ काफी बढ़ा हुआ है। बाजार के विशेषज्ञ बताते हैं कि विशेष सीजन में भीड़ का दिखना अलग बात है लेकिन महत्व इस बात का होता है कि खरीदारी को लेकर लोगों की क्रय शक्ति का स्तर क्या है।

### शिक्षा के साथ समझौता नहीं



जीवन में शिक्षा का अपना विशेष महत्व है। प्रतिस्पर्धा के युग में अभिभावक इसके लिए कुछ भी करने को तैयार बैठे हैं। जब आपको अवसर की समझ होती है तो इस मामले में शिक्षा को लेकर आप समझौता नहीं करते हैं। भविष्य को लेकर पालकों को समझने में आसानी होती है कि विद्यार्थी के लिए जरूरत क्या है।

**-अभिषेक सिंह,** अभिभावक

### स्तर ठीक करने की चुनौती



सबसे महत्वपूर्ण सवाल इस बात का है कि जब हमारी सरकारी शिक्षा पर भारी भरकम खर्च कर रही हैं और शिक्षा के केंद्र भी हर वर्ष शिक्षण शुल्क में बढ़ोतरी कर रहे हैं, इस पर भी स्तर क्यों नहीं सुधर रहा है। एक वजह है यह भी है की प्रतिभाओं को पलायन करना पड़ रहा है। इस बारे में ध्यान देने की जरूरत है।

**राजू सोनी,** अभिभावक

## सीएमएचओ ने किया औचक निरीक्षण

**कोरबा।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.एन. केशरी के द्वारा शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (आयुष्मान आरोग्य मंदिर) ढोढ़ीपारा, हमर क्लीनिक (आयुष्मान आरोग्य मंदिर) पथर्रीपारा, तथा रिस्दी का निरीक्षण किया गया। वहॉ उन्होंने ओपीडी, आईपीडी, प्रसव कक्ष, दवा भंडार कक्ष, पैथोलॉजी, का निरीक्षण कर संघारित दस्तावेजों को देखे तथा कमियों में सुधार के आवश्यक निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि बारिष के मौसम में होने वाली मौसमी बिमारियों तथा सर्पदंश की दवाईयों की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित करें। प्रा.स्वास्थ्य केन्द्र ढ़ोढ़ीपारा में लक्ष्य अनुरूप प्रसव सुनिश्चित करें तथा समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों की शत प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने हेतु कार्य करें।










स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com